हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.3 डिग्री

न्यूनतम 17.2 डिग्री

## आज मौसम शुष्क, कल से उत्तर में हल्की बारिश सक्रिय है पश्चिमी विक्षोभ

■ चौबीस घंटे में लुढ़का पारा, दिन में राजधानी ज्यादा गर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को मौसम शुष्क रहने के बाद सोमवार को सरगुजा संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इसकी एकमात्र वजह सक्रिय होने वाला पश्चिमी विक्षोभ है। पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर अफगानिस्तान और उसके आसपास मौजूद है। एक प्रेरित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय है और एक नया विक्षोभ सोमवार देश को प्रभावित करने वाला है। कल दिनांक 1 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 2 फरवरी से उत्तर छत्तीसगढ में वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।

## पीएससी बताएगा-दूसरे राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाएं कब? 'माइंड वॉलेट' में एनसीईआरटी किताबें व इग्नू स्टडी मटेरियल

### नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया से भी पीएससी के जरिए जुड़ सकेंगे अभ्यर्थी

### छग राज्य सेवा आयोग ने अपडेट की अपनी वेबसाइट, यूपीएससी तर्ज पर कई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छग लोक सेवा आयोग अब अपने अभ्यर्थियों को बताएगा कि पड़ोसी राज्यों में कब-कब प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होंगी। इसके कैंडिडेट्स के लिए एक क्लिक में विभिन्न कक्षाओं की एनसीईआरटी किताबें व इग्नू की अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध है। दरअसल, लंबे अरसे बार छग लोक सेवा आयोग ने अपनी वेबसाइट अपडेट की है। इसमें देश के सभी राज्यों के लोक सेवा आयोग के लिंक उपलब्ध कराए गए हैं। एक क्लिक पर ही अभ्यर्थी दूसरे राज्यों के आधिकारिक पीएससी वेबसाइट पर पहुंच जाएंगे और यह जान पाएंगे कि वहां किन तिथियों में भर्ती होनी है। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी ने ये अपडेट करते हुए कैंडिडेट्स को एडवांस सुविधाएं प्रदान की हैं।

इससे उन अभ्यर्थियों के समय में बचत हो सकेगी, जो अन्य राज्यों द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में भी ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### बीते वर्षों के प्रश्न पत्र भी

इसके अतिरिक्त पीएससी ने ' माइंड वॉलेट ' नाम से एक पृथक फोल्डर भी तैयार किया है। इस फोल्डर में एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध हैं। इग्नू के स्टडी मटेरियल भी इस माइंड वॉलेट में अभ्यर्थियों को मिल जाएंगे। एनसीईआरटी की जहां 12वीं तक की किताबें उपलब्ध हैं तो वहीं इग्नू द्वारा संचालित स्नातक से लेकर स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रम ▶▶| शेष पेज 13 पर




#### पूर्ववत सुविधाएं भी

नई सुविधाएं जोड़े जाने के साथ पीएससी ने पुरानी सुविधाएं भी यथावत रखी हैं। हालांकि इन्हें नए स्वरूप में पेश करने की कोशिश की गई है। इनमें परीक्षा परिणाम, नोटिफिकेशन, ऑनलाइन प्रदान की जाने वाली सुविधाओं सहित रजिस्ट्रेशन व इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का जिक्र किया गया है। गौरतलब है कि पीएससी के पूर्व अध्यक्ष टॉमन सोनवानी के कार्यकाल में हुए भर्ती ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करों को 10 साल कैद, एक लाख जुर्माना

रायपुर। गरियाबंद जिले के दो गांजा तस्करों को विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट ने 10-10 वर्ष कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने नुरर्प लाल नागेश तथा कमलेश पात्रे को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों तस्करों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खुटगांव नाका चेकपोस्ट, देवभोग के पास 27 अप्रैल 2025 को बाइक से 17 किलो गांजा ले जाते गिरफ्तार किया था।

### मजदूर से लूट के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने मजदूरी करने आए व्यक्ति के साथ लूट के आरोप में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। राम प्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने रूस्तम खेस को गिरफ्तार किया है।



राम प्रसाद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मजदूरी का भुगतान लेने के बाद पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान में शराब खरीदकर पीने के बाद बस स्टैंड के पास बनी चावड़ी में सो गया। इस दौरान रूस्तम अपने एक अन्य साथी के साथ राम प्रसाद के पास पहुंचा और उसके साथ मारपीट कर नकदी तीन हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना शुक्रवार रात की है।

### पांच साल की मासूम से रेप की कोशिश, 10 वर्ष कैद

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र में पिछले साल पांच साल की मासूम से रेप की कोशिश करने के आरोपी को अनिता ध्रुव, फास्ट ट्रैक (पॉक्सो) कोर्ट ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है।



विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार कोर्ट ने टिकरापारा निवासी महेश बघेल को कैद की सजा सुनाई है। बच्ची की मां ने महेश के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष 27 अप्रैल को उसकी बेटी अपनी एक अन्य सहेली के साथ दुकान में अपने लिए खाने का सामान लेने गई थी। इस दौरान महेश बच्ची को झांसा देकर अपने घर ले गया और उसके साथ रेप करने की कोशिश की।

### पुलिस का अभियान, 61 वारंटी जेल दाखिल



रायपुर। बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीसीपी वेस्ट संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस ने 9 थाना क्षेत्रों के 61 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने जिन बदमाशों को जेल दाखिल किया है, उनमें 46 स्थायी वारंटी, 15 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं।

### संशोधित गाइड लाइन जारी होने के बाद बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में हेक्टेयर में जमीन की नई दरें

# बिरगांव इलाके में राहत, 50 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ रुपए तक कम हो गई जमीन की कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमतों में संशोधित गाइड लाइन जारी किए जाने के बाद बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में भी जमीनों की बढ़ाई गई कीमतों से लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस निगम क्षेत्र के मुख्य मार्ग से लगी तथा मुख्य मार्ग से अंदर की जमीन की हेक्टेयर में दरें घटाई गई हैं। यह दरें 50 लाख रुपए से लेकर अधिकतम डेढ़ करोड़ रुपए तक है। जिस तरह से हेक्टेयर में जमीन की नई दरों को घटाया गया है, उससे यह स्पष्ट है कि नई गाइड लाइन में जमीनों की कीमत जो बढ़ाई गई थी, वह वर्तमान बाजार भाव की तुलना में कई गुना ज्यादा थी। यही कारण है कि संशोधित गाइड लाइन में दरों को सुधारा गया है।

#### इन वार्डों में 1.20 करोड़ से डेढ़ करोड़ तक घटाई की दरें

बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक नंबर 37, 38, 39 एवं 40 में नई गाइड लाइन के अनुसार मुख्य मार्ग से लगी जमीन की कीमत प्रति हेक्टेयर में 2 करोड़ 50 लाख रुपए तथा मुख्य मार्ग से अंदर 1 करोड़ 80 लाख रुपए तय किया गया था। पंजीयन विभाग के सर्वे के बाद इन वार्डों में अब मुख्य मार्ग से लगी जमीन हेक्टेयर में 1 ▶▶| शेष पेज 13 पर




#### वार्ड नंबर 21 से 36 एवं 10 से 16 तक मुख्य मार्ग से अंदर हेक्टेयर में 50 लाख घटी कीमत

संशोधित गाइड लाइन में निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36 तथा 10, 11, 12, 13, 14, 15 एवं वार्ड नंबर 16 में भी जमीन की कीमत 50 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर में घटाई गई है। इन सभी वार्डों में इससे पहले मुख्य मार्ग से अंदर की प्रति हेक्टेयर दर 1 करोड़ 80 लाख रुपए तय की गई थी, लेकिन सर्वे के बाद अब इसे 1 करोड़ 30 लाख रुपए तय की गई है। हालांकि इन वार्डों में मुख्य मार्ग से लगी जमीन की कीमत अभी भी प्रति हेक्टेयर 2 करोड़ 50 लाख रुपए ही है। इसकी दरें यथावत रखी गई है।

#### *रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में 60 लाख घटी*

*निगम क्षेत्र अंतर्गत रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे से 20 मीटर अंदर जमीन की कीमत में भी प्रति हेक्टेयर में 60 लाख रुपए घटाई गई है। इससे पहले प्रति हेक्टेयर 1 करोड़ 80 लाख रुपए तय की गई थी, जो अब 1 करोड़ 20 लाख रुपए की गई है। हालांकि हाईवे से लगी जमीन की दर प्रति हेक्टेयर 2 करोड़ 50 लाख रुपए यथावत रखी गई है।*

#### *वर्गमीटर में जमीन की दरें यथावत*

*निगम क्षेत्र कई वार्ड में जहां हेक्टेयर की दरों को यथावत रखा गया हैं, वहीं प्रति वर्गमीटर की दरों में भी कोई परिवर्तन नहीं किया है। यानी वर्गमीटर में मुख्य मार्ग से लगी और अंदर की जमीन की दरों में कोई राहत नहीं दी गई हैं। इन दरों को यथावत रखा गया है।*

#### वार्डवार जमीन की संशोधित दरें हेक्टेयर में

| वार्ड के नाम | (मुख्य मार्ग पर) | (अंदर) |
|---|---|---|
| **डा. राजेंद्रप्रसाद** | | |
| रिंग रोड-4 रायपुर-बिलासपुर बाईपास | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| पठारीडीह मुख्य मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| राजेंद्रनगर, राजीव निर्धन आवास, अटल आवास, लटर्रा तालाब, नयी बस्ती मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **गुरु घासीदास** | | |
| पठारीडीह मुख्य मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| राजेंद्रनगर, हनुमान मंदिर क्षेत्र, बिजली ऑफिस, सतनाम चौक, सतनामीपारा मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **दानवीर भामाशाह** | | |
| साहूपारा, बाजार चौक, शीतलापारा सतनाम चौक, सतनामीपारा मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **जय बूढ़ादेव** | | |
| रिंग रोड-4 रायपुर -बिलासपुर बाईपास | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| एचपी कालोनी, इंडस्ट्रीयल एरिया, चौखरिया तालाब, सुंदर-सांई नगर मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **राजीव गांधी** | | |
| रावणभाटा, बाजार चौक, मटखनपारा, कालीमंदिर मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **स्वामी विवेकानंद** | | |
| उरला-पठारीडीह मुख्य मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| त्रिमूर्ति चौक, पारधीपारा, सिंधीपारा, पुरानी बस्ती सतनामीपारा मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **शहीद कौशल यादव** | | |
| उरला-बिरगांव मुख्य मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| बाजार-गांधी चौक, दुर्गा चौक, दर्रीतालाब, सुभाष-कृष्णा चौक थाना चौक मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **रानी लक्ष्मी बाई** | | |
| उरला-कन्हेरा पठारीडीह मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| मुख्य मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **हरि ठाकुर** | | |
| कृष्णा चौक, शिशु मानस भवन दाऊ बाड़ा, प्रगतिनगर, बंधवा तालाब सहित अन्य मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| रिंग रोड-4 रायपुर-बिलासपुर | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **बाईपास मार्ग** | | |
| मेटल पार्क रोड एवं सीएसआईडीसी मार्ग | 1.30 करोड़ | 94.50 लाख |
| **मेटल पार्क** | | |
| हीरानगर, गौरी-गौरा चौक, जैतखाम चौक, घासीदास मंदिर सहित अन्य मार्ग | 2.50 करोड़ | 1.30 करोड़ |
| मेटल पार्क रोड | 2.50 करोड़ | 1.30 करोड़ |
| **पं. रविशंकर शुक्ल** | | |
| गौरी-गौरा चौक, मदरसा बाजार महाकालेश्वर मंदिर, मस्जिद गली सहित अन्य मार्ग | 2.50 करोड़ | 1.30 करोड़ |
| **ठाकुर प्यारेलाल** | | |
| नीम चौक, बजरंग चौक, खेल मैदान, परशुराम चौक, गणेश चौक, दुर्गा मंदिर सहित अन्य मार्ग | 2.50 करोड़ | 1.30 करोड़ |
| **मां बंजारी माता** | | |
| रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे रोड | 2.50 करोड़ | 1.30 करोड़ |

▶▶| शेष पेज 13 पर

## वर्ल्ड कप के पहले सट्टे की बेटिंग, गिरोह का भंडाफोड़ 37 लाख रुपए कैश जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले क्राइम ब्रांच तथा गंज थाने की पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले बड़े नेटवर्क से जुड़े आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 37.50 लाख रुपए के साथ तीन लग्जरी कार, 10 मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त मशरूका की कीमत करीब 92 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।

■ क्राइम ब्रांच गंज पुलिस की कार्रवाई में आधा दर्जन सटोरिये गिरफ्तार

पुलिस अफसरों के अनुसार, टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर ऑनलाइन सट्टेबाजी के बढ़ते नेटवर्क पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी कड़ी में शुक्रवार रात गंज थाना क्षेत्र के नागोराव गली अंडरब्रिज के पास चारपहिया वाहनों में ऑनलाइन सट्टा संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि तीन कार में दो-दो की संख्या में सटोरिये मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं।

#### इन सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

महिंद्रा, थार और नेक्सा एक्सएल कार में सवार लोगों ने पूछताछ में अपना नाम रखब देव पाहुजा, पीयूष जैन, जितेंद्र कुमार कृपलानी उर्फ जित्तू, दीपक अग्रवाल, कमल राघवानी और सचिन जैन बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए गए। सटोरिए जिंदबेट 777 डॉट कॉम, क्लासिक 777 डॉट कॉम जैसी ऑनलाइन बैटिंग वेबसाइटों के जरिए मास्टर आईडी बनाकर क्रिकेट सट्टा खेलते और खिलाते थे। आईडी की बिक्री और कमीशन के जरिए अवैध मुनाफा कमाया जा रहा था। मोबाइल जांच में सट्टे से जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं।

#### सटोरियों के तार देश के कई राज्यों से

पुलिस के अनुसार सट्टा संचालित करने वाले गिरोह के तार महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों से जुड़े हैं। जप्त नकदी को लेकर म्यूल बैंक खातों और हवाला ट्रांजेक्शन के साक्ष्य भी सामने आए हैं, जिसकी फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन की जा रही है। रखब देव, जितेन्द्र कुमार, दीपक और सचिन जैन पूर्व में भी जुआ के मामलों में जेल जा चुके हैं।

### सारंगढ़ में मिला दवा का गोदाम

## रायपुर की टीम से मांगा जवाब, नोटिस पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नकली दवा की जांच विवादों में, संदेहियों से मीटिंग में खुद फंसे अफसर

राज्य में एंटीबायोटिक की नकली दवा मामले की जांच विवादों की वजह बन गई है। मिले सुराग के आधार पर जांच करने सारंगढ़ पहुंची टीम को वहां अवैध दवा गोदाम में कार्रवाई नहीं करने के मामले में नोटिस थमा दिया गया, जबकि कार्रवाई की जिम्मेदारी सारंगढ़ के औषधि निरीक्षकों की थी। मामले में नया मोड़ तब आ गया, जब मामले से जुड़े एक अधिकारी नकली दवा के संदेहियों से होटल में मीटिंग करते हुए फंस गए। गोगांव में मिली नकली दवा और कागजात के आधार पर रायपुर जिले के सहायक नियंत्रक संजय नेताम ने ईश्वरी नारायण सिंह और नीरज साहू की जांच टीम बनाई थी। दोनों अफसरों ने सारंगढ़ के सरस्वती मेडिकल की जांच की, इस दौरान सूचना के बाद भी वहां की स्थानीय ▶▶| शेष पेज 13 पर

## तेलीबांधा तालाब किनारे गाड़ी रखने पर देना होगा पार्किंग शुल्क, मार्निंग वॉक वालों को छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एमआईसी सदस्यों के साथ स्पॉट पर पहुंचीं मेयर मीनल

शहर के तेलीबांधा तालाब किनारे घूमने आने वालों को अब अपनी गाड़ी तालाब किनारे पार्क करने पर पार्किंग शुल्क देना होगा। दोपहिया वाहन के लिए 10 रुपए और चारपहिया वाहन वालों से 20 रुपए पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। निगम यहां ठेके पर पार्किंग शुरू कर रहा है। इसके लिए आम जनता को सूचना देने बाकायदा स्थल पर निगम ने बोर्ड भी लगा दिया है। मार्निंग वॉक करने वालों से किसी तरह का पार्किंग शुल्क ▶▶| शेष पेज 13 पर




#### व्यवस्था बनाने शुल्क

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि तेलीबांधा तालाब किनारे अव्यवस्थित सड़क यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने यह व्यवस्था बनाई जा रही है। रेस्टारेंट या हॉटल में घंटों समय बिताने और वाहन अव्यवस्थित खड़ी करने वालों से पार्किंग शुल्क लेना जायज है। आम नागरिकों की सुविधा के लिए यह व्यवस्था बनाई जा रही है, मुनाफे के लिए कतई नहीं। स्थल निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, अवतार बागल, दीपक जायसवाल, संतोष साहू, अमर गिदवानी, पार्षद प्रदीप वर्मा, उपायुक्त राजस्व गायत्री साहू, जोन 3 कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे उपस्थित रहे।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य मानने से किया इंकार

## प्रशासन का नियम तोड़ना साधु को शोभा नहीं देता, अविमुक्तेश्वरानंद ने मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए न अनुमति मांगी और न दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री सीमेंट लिमिटेड की ओर से होटल बेबीलाल कैपिटल में दो-दिवसीय नवधा भक्ति कथा में कथा वाचन करने पहुंचे आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज व अयोध्या श्रीराम मंदिर के कोषाध्यक्ष शनिवार को प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान न कर विवाद खड़ा करने वाले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर जमकर बरसे। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य मानने से साफ इनकार कर दिया। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से लेकर निर्माण तक कभी भी अविमुक्तेश्वरानंद की राम मंदिर के प्रति सकारात्मक टिप्पणी नहीं रही। वे हमेशा सनातन विरोधी ताकतों के हाथ की कठपुतली बनकर खेलते रहे। प्रधानमंत्री मोदी को हराने काशी में विरोध में काम किया था। प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर हुई घटना के संबंध में उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन के नियम को एक नागरिक को पालन करना जरूरी होता है।




#### भारत हिंदू राष्ट्र था हैं और रहना चाहिए

आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषणा पर कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र था, है और रहना चाहिए। हम तो भारत को हिन्दू राष्ट्र के रूप में देखते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में हो रहे धर्मांतरण पर कहा कि हम इसे धर्मांतरण नहीं मतांतरण कहते हैं। प्रलोभन देकर मतांतरण करना गलत है। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई भी सही है।

#### *यूजीसी ड्राफ्ट समाज के साथ अन्याय करने वाला है*

*प्रेसवार्ता में आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने देश के ज्वलंत विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने यूजीसी ड्राफ्ट को लेकर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का अभिनन्दन जिसने इस पर रोक लगाई। यूजीसी ड्राफ्ट समाज के साथ अन्याय करने वाला है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेट्स ने मिलीभगत कर ड्राफ्ट को तैयार किया है। उत्तरप्रदेश सरकार को लेकर कहा कि योगी का शासन मुझे उत्तम लगता है। देश में सभी सरकारें योगी शासन की तरह चलें।*

#### *भक्ति की भावना मन को कुंठा से बाहर निकालती है*

*आध्यात्मिक गुरु स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने मानसिक शांति और सामाजिक उन्नति के लिए भक्ति के मार्ग को सर्वोत्कृष्ठ बताया है। उन्होंने कहा कि भक्ति की भावना मन को कुंठा से बाहर निकालती है। जिस व्यक्ति के मन में भक्ति की भावना होती है, वह न तो कभी डिप्रेशन का शिकार होता है और न ही कभी उसके मन में आत्महत्या करने जैसे विचार उत्पन्न होते हैं। उन्होंने आज के युवा समाज से आहवान किया कि वे संसार की आपाधापी के बीच अपने को संतुलित करने के लिए भक्ति का मार्ग चुनें। उन्होंने रायपुर को स्वामी विवेकानंद की लीला भूमि बताया।*

# धरसींवा में पुलिस बनाम प्रेस क्लब मैत्री मैच आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ पुलिस और मीडिया जो अक्सर अपनी व्यस्त कार्यप्रणाली और तनावपूर्ण ड्यूटी के लिए जाने जाते हैं, इस रविवार को एक अलग ही अंदाज में नजर आएंगे। धरसींवा के गोदावरी इस्पात मैदान में रविवार को पुलिस और पत्रकारों के बीच एक भव्य मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सिलतरा चौकी, धरसींवा पुलिस और प्रेस क्लब धरसींवा की इस संयुक्त और सराहनीय पहल का मुख्य उद्देश्य पेशेवर व्यस्तताओं के बीच खेल भावना को जागृत करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना है। इस पूरे आयोजन में गोदावरी इस्पात उद्योग की ओर से विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। मैच की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है और मैदान पर कानून के रखवालों और कलम के सिपाहियों के बीच एक दिलचस्प भिड़ंत देखने को मिलेगी। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल आपसी समन्वय बढ़ता है, बल्कि पुलिस और पत्रकारों के बीच एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण भी होता है। प्रतियोगिता को लेकर प्रेस क्लब के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार हेमंत वर्मा ने खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन में टीम भावना और अनुशासन सिखाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पत्रकार दिन-भर खबरों के पीछे भागता है और एक पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाने में जुटा रहता है, ऐसे में हम अपनी सेहत को भूल जाते हैं। यह क्रिकेट मैच हमें फिर से अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करेगा। वहीं, खेल के प्रति अपना उत्साह जाहिर करते हुए सिलतरा चौकी प्रभारी राजेन्द्र कंवर ने कहा कि पुलिस की ड्यूटी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, जिसमें शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना अनिवार्य है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल हमें मानसिक शांति प्रदान करते हैं और तनाव दूर करने में सहायक होते हैं। इस मैत्री मैच का आयोजन हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ा समय निकालकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देगा। पुलिस और पत्रकारों के बीच बेहतर तालमेल समाज हित के लिए बहुत जरूरी है, और खेल के मैदान से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती जहाँ हम बिना किसी औपचारिक तनाव के एक-दूसरे के साथ समय साझा कर सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि गोदावरी इस्पात मैदान पर होने वाला यह मुकाबला न केवल रोमांचक होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए फिटनेस का एक संदेश बनेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गोदावरी इस्पात उद्योग का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने खेल संसाधनों और मैदान की व्यवस्था सुनिश्चित की है। रविवार को होने वाले इस मुकाबले में धरसींवा और सिलतरा क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचेंगे।

# धान खरीदी की तारीख बढ़ाने कांग्रेस ने किया चक्काजाम

**सिलयारी।** धरसींवा ब्लॉक मुख्यालय में राष्ट्रपति महात्मा गांधी के बलिदान दिवस शहीद स्मारक चौक में मनाई गई। साथ महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने को लेकर धान खरीदी में जो किसानों के साथ छल कर रहे भाजपा सरकार के लिए कांग्रेस का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है, कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार ब्लॉग कांग्रेस कमेटी धरसींवा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व चक्का जाम किया गया था।जिसमें मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी व किसानों का धान एक एक दान खरीदी करना पड़ेगी 31जनवरी बाद धान खरीदी का तारीख बढ़ाने को लेकर विरोध किया केंद्र सरकार और राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के रोजगार गारंटी देने वाली योजना से महात्मा गांधी जी का नाम हटाकर सरकार कुछ ऐसे नियम बनाई है जिससे गरीब परिवार बेरोजगार परेशान हैं गांवों में काम में भारी कमी, मजदूरी का भुगतान में महिनों की देरी वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत में भी पंद्रहवीं वित्त आयोग की राशि नहीं भेजीं गई जिससे विकास कार्य ठप्प है, कांग्रेसियों ने यह भी कहा कि एक तरफ सत्ताधारी भाजपाई विदेशों में राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी के नाम पर सम्मान प्राप्त करते हैं और दूसरी तरफ भारत में गोडसे की विचारधारा की पूजा करते हैं कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान व धान खरीदी की तिथि बढ़हाने के तहत धरसींवा शहीद स्मारक के समाने धारना प्रदर्शन और सभा के बाद जनपद के समाने बिलासपुर रायपुर मार्ग पर चक्का जाम किया जहां तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे को ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम समाप्त किया। कार्यक्रम में जिला ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू राजेन्द्र बंजारे,धरसींवा ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा,जिला पंचायत सदस्य श्रीमति डोमेश्वरी वर्मा,उधोराम वर्मा, दुर्गेश वर्मा,भावेश बघेल,प्रमोद शर्मा, हरिशंकर निषाद,मनोज शर्मा,साहिल खान,शेखर यादव, मनोज सायतोडे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीण उपस्थित थे। धरसींवा ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा ने कहा की किसानों के अधिकार के लिए कांग्रेस हमेशा किसानों की साथ खड़े रहेगा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के नाम बदलने विरोध एवं धान खरीदी की तारिख में नहीं बढ़ाई जाएगी तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# मानिकचौरी स्कूल में पूर्व मंत्री साहू ने की भारत माता की मूर्ति स्थापना की घोषणा



**अभनपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू रहे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर दिवंगत मां तीजा बाई की स्मृति में शिक्षा प्रवेश द्वार निर्माण तथा मिडिल अथवा हाईस्कूल परिसर में भारत माता की मूर्ति स्थापना करने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि देश के विकास में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र का मान बढ़ाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता, शिक्षा और स्व-रोजगार के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता के बावजूद राष्ट्रवाद की भावना से देश अखंड और संप्रभु बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, सरपंच हेमलता साहू, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू, जनपद सदस्य सविता साहू, गोविंद प्रसाद तिवारी, सरिता भारती, रमेश साहू, गजेन्द्र साहू, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# उमाकांत बने छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य



**तिल्दा नेवरा।** संयुक्त संचालक वित्त विभाग से सेवा निवृत्त हुए तिल्दा के अलदा निवासी उमाकांत वर्मा को छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग मंत्रालय राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के परामर्श से स्थाई लोक अदालत। जन उपयोगी सेवा रायपुर का सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री वर्मा रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिला बलोदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद और रायपुर में आयोजित लोक अदालत में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की 3 सदस्यों वाली टीम के साथ शामिल होंगे। उमाकांत वर्मा को शासन द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदरी पर ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महिलाएं कर रही हैं डीडी कॉलोनी शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ



**आरंग।** डीडी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में महिला समिति द्वारा भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में सुंदरकांड पाठ किया गया। दक्षिणमुखी हनुमान जी के समक्ष बैठकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। समिति की प्रमुख सीमा शर्मा ने बताया कि कॉलोनी की महिलाओं द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को नियमित रूप से धार्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनमें सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भगवान शिव की आरती प्रमुख हैं। इन आयोजनों में कॉलोनी के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं तथा सामूहिक पूजा-अर्चना के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होता है। शनिवार को आयोजित सुंदरकांड पाठ में महिला समिति की सदस्य सीमा शर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋतिका मिश्रा, शिखा चंद्राकर, नमिता चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, केशर द्विवेदी, गायत्री गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हनुमान जी की स्तुति एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में एकता एवं सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। महिला समिति ने आगे भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर करते रहने का संकल्प लिया है।

# सगुनी स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम



**तरपोंगी।** शासकीय प्राथमिक शाला सगुनी में वार्षिक उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। स्कूली बच्चों द्वारा ज्ञानवर्धक देश भक्ति व छत्तीसगढ़ संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मंच का संचालन शिक्षक माखन यादव ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी,पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू, दुर्गेश साहू, टेकराम यदु, राजू साहू, प्रधान पाठक कालिन्द्री ध्रुव सहित स्कूली बच्चे व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आरंग में विकास को मिली रफ्तार जल संसाधन विभाग से 2651.66 लाख रुपए की स्वीकृति

**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। आरंग विधानसभा क्षेत्र को एक के बाद एक स्वीकृतियों की सौगात मिल रही है और वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकास की इस कड़ी को और मजबूती मिली है। छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी के सतत प्रयासों से आरंग विधानसभा अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। आरंग विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है, जिनकी कुल लागत 2651.66 लाख है। इन योजनाओं के अंतर्गत 702.64 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। स्वीकृत कार्यों में स्टॉपडेम निर्माण, नहरों का रीमॉडलिंग, सी.सी. लाइनिंग, माइनर लाइनिंग, विद्युत व्यवस्था का उन्नयन एवं रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, कृषि उत्पादन को बल मिलेगा तथा बुनियादी अधोसंरचना सुदृढ़ होगी। यह स्वीकृतियां आरंग विधानसभा क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दे रही है। आरंग क्षेत्र में लगातार मिल रही स्वीकृतियां सरकार की विकासोन्मुखी सोच और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कैबिनेट मंत्री ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।




केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले- फसल विविधता और उत्पादकता बढ़ाने की रणनीति लागू

# कृषि विकास के लिए बनेगी वैज्ञानिकों किसानों और अफसरों की संयुक्त टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सरकार उल्लेखनीय प्रगति कर रही है। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह वैज्ञानिकों, किसानों और केंद्र-राज्य अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा, जो स्थानीय कृषि जलवायु के अनुसार फसल विविधता और उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियां विकसित करेगी। साथ ही राज्य में एकीकृत कृषि प्रणाली और छोटे किसानों के लिए विविध आय स्रोत बढ़ाने के कार्यक्रम भी लागू किए जाएंगे।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषि और ग्रामीण विकास के हर पहलू में सक्रिय है। उन्होंने खपरी में किसानों से संवाद किया और आधुनिक कृषि तकनीकों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को फल और सब्जियों की उन्नत खेती, पौधों की ग्राफ्टिंग नर्सरी, भाटा पद्धति से टमाटर और शिमला मिर्च की खेती, ड्रैगन फ्रूट, खजूर, ब्लूबेरी और केले की खेती का अवलोकन कराया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक फसलों से प्रति एकड़ 35–40 हजार रुपये का लाभ होता है, जबकि आधुनिक बागवानी और उच्च तकनीक अपनाने पर यह लाभ 1-2 लाख रुपये प्रति एकड़ तक बढ़ सकता है। कृषि विभाग की टीम ने कीटनाशकों के वैज्ञानिक उपयोग, रोग नियंत्रण और उच्च उत्पादक किस्मों के चयन में



मार्गदर्शन प्रदान किया। छत्तीसगढ़ पहले से ही धान का कटोरा है, लेकिन अब यहाँ फल और सब्जियों के उत्पादन में जो तेजी से वृद्धि हो रही है, वह सचमुच अद्भुत है। कृषि में यह विविधता किसानों की मेहनत और सरकार की सही नीतियों का परिणाम है। पत्रकार वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित थे।

### कोई भी गरीब परिवार बिना पक्की छत के न रहे

ग्रामीण विकास के क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछले डेढ़ वर्षों में 18,12,742 घर स्वीकृत और वितरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्य में 47,847 किलोमीटर लंबी 10,199 सड़कें और 123 बड़े पुल बनाए गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए 15 हजार और पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 33 हजार अतिरिक्त मकान भी स्वीकृत किए गए हैं। हमारा संकल्प है कि छत्तीसगढ़ में कोई भी गरीब परिवार बिना पक्की छत के न रहे।

### राज्य में एकीकृत कृषि प्रणाली लागू की जाएगी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खाली पड़े खेतों में दलहन उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। मसूर, उड़द, मूंग, अरहर आदि दलहनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही तिलहन फसलों जैसे मूंगफली, सरसों और पाम ऑयल की खेती को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि राज्य में एकीकृत कृषि प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को विविध आय स्रोत उपलब्ध होंगे। इसमें पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी, औद्योगिक फसलें और जैविक खेती शामिल हैं।

### नकली खाद और बीज बहुत बड़ी समस्या

उन्होंने कहा, नकली खाद और बीज किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या हैं। हमारी कोशिश है कि इसी संसद सत्र में नया सीड एक्ट लाया जाए। जो किसान को खराब बीज देगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। भारी जुर्माना होगा और अगर जानबूझकर किया है तो सजा का भी प्रावधान होगा।

### किसानों की सेवा भगवान की पूजा के बराबर

उन्होंने कहा, हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से भारत की कृषि की दशा और दिशा दोनों बदल दी है। आज भारत की कृषि विकास दर 4.45 प्रतिशत है, हमारे किसानों ने अन्न के भंडार भरकर देश को आत्मनिर्भर बना दिया। छत्तीसगढ़ तो धान का कटोरा है, यहां का धान ऐसा है कि, चावल उत्पादन में हम दुनिया में नंबर वन हैं, हमने चीन को पीछे छोड़ दिया। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। किसान अन्नदाता है, और अन्नदाता जीवनदाता है। मेरे लिए किसानों की सेवा करना, भगवान की पूजा करने के बराबर है।

सालभर बाद अक्टूबर में प्रारंभ होने के बाद दीपावली से फिर बंद था

# ठाकरे परिसर में मंत्रियों का सहयोग केंद्र तीन माह बाद तीन फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र के लोगों की मदद करने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में चलने वाला मंत्रियों का सहयोग केंद्र एक बार फिर तीन माह तक बंद रहने के बाद अब जाकर फिर से तीन फरवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके फिर से प्रारंभ होने का लंबे समय से कार्यकर्ता इंतजार कर रहे थे, अब जाकर उनका इंतजार समाप्त हो रहा है। करीब सालभर बंद रहने के बाद बीते साल अक्टूबर में प्रारंभ होने के बाद इसी माह दीपावली से पहले यह बंद भी हो गया था।



**भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने प्रदेश के भाजपा** कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के सभी मंत्रियों को बारी-बारी ठाकरे परिसर में बैठक समस्याएं सुनने और इसका समाधान करने के लिए कहा था। ऐसे में सबसे पहले 2024 में इसका प्रारंभ किया गया और मंत्री बैठकर कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने लगे। एक बार प्रारंभ होने के बाद यह सहयोग केंद्र बंद हुआ तो कार्यकर्ता साल भर तक इसका इंतजार करते रहे। साल भर के इंतजार के बाद बीते साल इसको अक्टूबर में प्रारंभ किया गया तो यह महज दो सप्ताह चला और दीपावली को देखते इसको बंद कर दिया गया। दो सप्ताह में मंत्रियों के पास एक हजार से ज्यादा समस्याएं और मांगें आईं। इसमें से आधी समस्याओं का समाधान तत्काल कर दिया गया।

### 3 से 6 तक से मंत्री सुनेंगे समस्याएं

3 फरवरी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय रहेंगे। 4 फरवरी को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल सहयोग केंद्र में समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी रहेंगे। प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 5 फरवरी को सहयोग केंद्र में प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन के साथ उपस्थित रहेंगे। 6 फरवरी को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू उपस्थित रहेंगी।

# लखमा से मिलने पहुंचे बैज, कहा- बदले की भावना से भेजे गए जेल

आदिवासी नेताओं को किया जा रहा टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शनिवार को जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात करने पहुंचे। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, लखमा के साथ उनकी लंबी और सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उन्हें फरवरी में जमानत मिल जाएगी। उन्होंने कहा, हमें न्यायालयीन प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। लखमा के बाहर आते ही बस्तर और प्रदेश को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाएंगे। पीसीसी अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा, प्रदेश में



आदिवासी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। बदले की भावना से उन्हें जेल भेजा गया है, लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता एकजुट हैं और हम इस मुद्दे पर कार्यकर्ताओं से भी निरंतर चर्चा करेंगे।

### बजट सत्र में शामिल होना चाहते हैं लखमा

दीपक बैज ने जोर देकर कहा, कवासी लखमा एक जनप्रतिनिधि हैं और वे विधानसभा के आगामी बजट सत्र में शामिल होना चाहते हैं। लखमा पिछले एक साल से विधानसभा की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पाए हैं। बैज के अनुसार, लखमा के पास बस्तर और आदिवासियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन्हें वे सदन में उठाना चाहते हैं। ऐसे में उन्होंने मांग की है कि उन्हें सत्र में शामिल होने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### 15 जनवरी 2025 को हुई थी गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले की जांच कर रही ईडी ने 15 जनवरी 2025 को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। तब से वे न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। ईडी का आरोप हैं कि पूर्व मंत्री लखमा 'सिंडिकेट' के मददगार थे। फिलहाल, मामला अदालत में है और कांग्रेस को उम्मीद है कि फरवरी में उन्हें राहत मिल सकती है।

# यूपीएससी और व्यापम एक ही दिन लेगा इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा, इसी दिन सीटेट भी

■ 8 फरवरी को एक साथ तीन परीक्षाएं, परीक्षार्थियों ने व्यापम से लगाई गुहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के सामने नया संकट आ गया है। व्यापम और यूपीएससी की भर्ती परीक्षाएं एक ही दिन होने के कारण अभ्यर्थियों को दोनों में से किसी एक परीक्षा को छोड़ना होगा। सीजी व्यापम द्वारा 8 फरवरी 2026 को एनआरडीए अर्थात नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत जूनियर इंजीनियर भर्ती परीक्षा ली जाएगी। इसी दिन यूपीएससी द्वारा इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा प्रीलिम्स भी ली जाएगी। ऐसे में अभ्यर्थियों को एक परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा। परीक्षार्थियों का रोष इसे लेकर फूट पड़ा है। सोशल साइट्स से लेकर अन्य माध्यमों में उनके द्वारा इसे लेकर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। कैंडिडेट्स का कहना है कि उनके द्वारा इसी विषय में व्यापम को आवेदन दिया जा चुका है। अपनी स्थिति से वे व्यापम को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई राहत मिलते नजर नहीं आ रही है। इस कारण उनमें हताशा है। गौरतलब है कि व्यापम एनआरडीए के अंतर्गत रिक्त सिविल, मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल के जूनियर इंजीनियर पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है।

### बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरिंग छात्रों पर दोहरा संकट

8 फरवरी को ही सीटेट अर्थात केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जा रही है। इस कारण भी हजारों अभ्यर्थियों के सामने अत्यंत कठिन परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। विशेष रूप से उन इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिनके पास बीएड (बैचलर ऑफ एजूकेशन) की डिग्री है। सीटेट देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में से एक है, जबकि एनआरडीए जूनियर इंजीनियर की भर्ती छत्तीसगढ़ राज्य में अत्यंत महत्वपूर्ण रोजगार अवसर प्रदान करती है। ऐसे में दोनों परीक्षाओं की एक ही तिथि होने से अभ्यर्थियों को अपने कॅरियर के दो महत्त्वपूर्ण अवसरों में से एक को अनिच्छा से त्यागना पड़ेगा, जो न्यायसंगत नहीं है तथा उनके भविष्य को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है। परीक्षार्थियों ने व्यापम से आग्रह किया है कि जूनियर इंजीनियर परीक्षा की तिथि को पुनर्निर्धारित करने पर यथोचित विचार करें, ताकि यह किसी अन्य प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा से न टकराए।

# केंद्रीय बजट में बस्तर के लिए विशेष पैकेज घोषित करे मोदी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ के लिए मोदी सरकार से पूर्व में घोषित योजनाओं के लिए बजट प्रावधान और नक्सल प्रभावित बस्तर के विकास और पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज की मांग की है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार ने रायपुर से राजनांदगांव होकर हैदराबाद हाईवे की घोषणा 2022 के बजट में की थी, आज तक सर्वे तक नहीं हुआ। नया रायपुर में एम्स के लिए राज्य सरकार द्वारा 2022 में जमीन अधिग्रहित करके केंद्र सरकार को हैंडओवर कर दिया गया है, लेकिन आज तक एक नया पैसा नए एम्स के लिए जारी नहीं हुआ। रायपुर से बलौदाबाजार होकर सारंगढ़ उड़ीसा रेल लाइन अब तक केवल घोषणाओं से बाहर नहीं आ पाई है, बिलासपुर में वैगन निर्माण कारखाना और जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विस्तार और कार्गो हब को प्रमुखता से शामिल किया जाए।



### एनएच की जर्जर हालत, बजट प्रावधान करें

उन्होंने कहा, एनएमडीसी, एसईसीएल और सीआईएल जैसे नवरत्न कंपनी के कार्यालयों का छत्तीसगढ़ में विस्तार हो, अंधाधुंध निजीकरण बंद हो। छत्तीसगढ़ में संचालित सार्वजनिक उपक्रमों में भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ के पात्र युवाओं को प्राथमिकता मिले। अंतरराज्यीय जल बंटवारे में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा बंद करें। सिंचाई परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ को शामिल करे। राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की जर्जर हालत को दुरुस्त करने बजट प्रावधान करे, टोल टैक्स की लूट कम करे।



**खबर संक्षेप**



## गुजरा स्कूल में 9वीं के छात्रों को साइकिल वितरण किया गया

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में शनिवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य साक्षी खरे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें नियमित अध्ययन एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उक्त अवसर पर सरपंच बिंदु कोमल बंजारे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर बघेल, उपसरपंच हृदय निषाद, पंच रीता शर्मा उपस्थित थे।

## कुरुद में संत रविदास जयंती समारोह आज

**आरंग।** ग्राम कुरुद (कुटेला) में संत शिरोमणि बाबा रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर 1 फरवरी को भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परसराम साहू (अध्यक्ष, साहू समाज समोदा-महानदी परिक्षेत्र एवं पूर्व सरपंच) होंगे। वहीं अध्यक्षता लेखराम नवरंगे (अध्यक्ष, रविदास समाज समोदा–पलारी परिक्षेत्र), परमानंद आवले (उपाध्यक्ष रविदास समाज रायपुर-ब.बा. जिलाध्यक्ष परिक्षेत्र) करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र रात्रे, निमेष साहू एवं मनीष मांडले शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे मंदिर झंडा पूजन के साथ होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सगुनी मड़ई कल

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में 2 फरवरी को भव्य मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच रंग श्रृंगार संदीप यदु की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि रायपुर जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, दाऊ सुरेंद्र कश्यप आदि होंगे।

## गनौद मे क्रिकेट स्पर्धा आज से

**आरंग।** ग्राम गनौद में 1 फ़रवरी से ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 21000, द्वितीय 14000 एवं तृतीय 7000 रखा गया है।

### प्रवचन : भागवत कथा का समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने किया महाप्रसाद ग्रहण

# मानव को अपना धर्म कभी नहीं भूलना चाहिए : पंडित रविकांत दुबे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसीवां/कूंरा**



ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर शनिवार को कथावाचक भागवत भूषण पंडित रविकांत दुबे खौना वाले ने कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा के दौरान कहा कि, जो ज्ञान हृदय में स्थिर रहे वही गीता है। जो अपना धर्म समझ गया वह गीता को समझ गया। मानव का अपना धर्म है। मानव को अपना धर्म कभी नहीं भूलना चाहिए। भागवत कथा के अंतिम दिन गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, यज्ञ हवन, कपिल तर्पण के साथ ही आम भंडारा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी तरह अनुष्ठान में भी लोगों ने सहभागिता निभाई। कपिल तर्पण के सतधरा जल से उपस्थित जन समूह को पंडित जी ने छिड़काव किया। कथा व्यास ने हवन पूर्णाहुति में पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान को प्रमाण किया। भावविभोर का वह क्षण भी आया जब कथावाचक जी ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब भी यहां कोई प्रवचनकर्ता, साधुसंत पहुंचे तो उनका भी वैसा ही स्वागत सम्मान करना जैसा उनका किए हैं। कथा व्यास ने कहा कि, वैभव प्राप्त करना है तो अपने जीवन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा। हवन-पूजन के बाद भागवत भगवान के भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## तिल्दा नेवरा में रामकथा का शंखनाद आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा में आज 1 फरवरी से 7 जनवरी तक मानस विदुषी पूज्य देवी चंद्रकला की संगीतमयी रामकथा का आयोजन नेवरा में होने जा रहा है। यह आयोजन स्वर्गीय सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वाधान में पुष्पराज वर्मा के सयोजन तथा,प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के सानिध्य में कथा स्थल बीएनबी मैदान होगा. राम कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 तक चलेगी... इसके पहले सुबह 11 बजे श्री राम चरित मानस की गायत्री मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। मुख्य मार्गो से गुजर कर यह शोभा यात्राहाई स्कुल मैदान पर बनाये गए कथा स्थल में पहुंचेगी। जिसके तुरंत बाद राम कथा का शुभारम्भ होगा। रामकथा में पधारने वाले श्रोताओं के लिए भव्य पाडाल बनाया गया है। जिसमें एक साथ 10 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यहां प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक विदुषी देवी चंद्रकला अपनी सुमधुर वाणी से भक्तों को प्रभु श्री राम की कथा का रसपान कराएंगी।

# हनुमान मंदिर में माघ पूर्णामा पर अखंड मानस पाठ जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

मठपुरेना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में परंपरा के अनुसार माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ शनिवार को पं. घनश्याम वैष्णव ने मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद और भजन गायक दीनदयाल साहू की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि मंदिर में पिछले 40 वर्षों से प्रति पूर्णिमा में अखंड मानसपाठ का सिलसिला जारी है। इसके सभी सावन महीने में एक माह का मानस किया जाता है। मंदिर में सावन में रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जाता है। इसके अलावा बाहर से जलाभिषेक के लिए आने वाले बोलबम कावरियों के लिए भोजन और आवास का इंतजाम किया जाता है। इसी तरह भीमसेनी एकादशी के अवसर पर तीन दिवसी मानस सम्मेलन आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रदेशभर की मानस पार्टियां शामिल होती है।

समिति के अध्यक्ष मोहनलाला साहू ने बताया कि दानदाताओं को सहयोग से मंदिर में ज्योतिकलश भवन, हाल और अन्य पार्टी आदि के लिए भवन का निर्माण किया जा गया है। मानस पाठ में डीडी साहू, राजकुमार धीवर, रामचरन पटेल, गंगा यादव, नीलकंठ, बाबूलाल साहू, चौबेलाल सोनकर, बसंत साहू, मनोहरलाल सिन्हा, तुलसीराम सोनकर, भूखन देवांगन, जयराम सोनकर, किशोर साहू का सहयोग मिल रहा है।

## सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए दुर्गेश वर्मा का चयन

**धरसींवां / कूंरा।** धरसींवा की प्रतिष्ठित शैक्षाणिक संस्थान शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ला महाविद्यालय धरसींवा के पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र दुर्गेश वर्मा का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय के खेल अधिकारी राकेश कुमार पाल ने बताया कि सॉफ्टबॉल पुरुष वर्ग में क्षेत्र स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया था। इसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम में जगह बनाई।

## पेज 11 के शेष ....

### पीएससी बताएगा-दूसरे ....

शामिल होना चाहते हैं। कई बार आधिकारिक वेबसाइट ढूंढने में परीक्षार्थियों का अत्यधिक समय व्यर्थ होता है। अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट बनाकर फीस के नाम पर पैसे ठगने जैसे मामले भी सामने आते रहे हैं। पीएससी की वेबसाइट पर ही आधिकारिक लिंक होने से अभ्यर्थियों को इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### बीते वर्षों के प्रश्न पत्र भी ....

के स्टडी मटेरियल भी इसमें हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के पोर्टल पर भी अभ्यर्थी पीएससी वेबसाइट के जरिए पहुंच सकते हैं। पीएससी ने पिछली परीक्षाओं के प्रश्नपत्र भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। अभ्यर्थियों को अब कोचिंग सेंटर से पृथक रूप से प्रश्न बैंक खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। वे एक क्लिक पर ही पिछली परीक्षाओं का पैटर्न समझ सकेंगे।

### पूर्ववत सुविधाएं भी ....

फर्जीवाड़े के बाद पीएससी की साख पूर्ववत नहीं रही है। इसमें सुधार करने तथा परीक्षाओं को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने आयोग लगातार प्रयास कर रहा है।

### इन वार्डों में 1.20....

करोड़ रुपए तथा मुख्य मार्ग से अंदर 60 लाख रुपए तय किया गया है। इस तरह संशोधित गाइड लाइन में इन वार्डों में 1 करोड़ 20 लाख रुपए से लेकर 1 करोड़ 50 लाख रुपए तक घटाई गई है।

### वार्डवार जमीन की ....

मेटल पार्क रोड 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*छत्रपति शिवाजी महाराज :* सतनामीपारा, चंडी चौक, प्रेमनगर, चुरलिन चौक, दुर्गानगर मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मां दंतेश्वरी माता :* ट्रांसपोर्टनगर 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
प्रगति चौक, बजरंग चौक, फुलवारी चौक, रानी खोलपारा, हृदय लाल पारा सहित अन्यः 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मां शीतला माता :* उरकुरा मुख्य मार्ग, इंडस्ट्रीयल एरिया 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
आकाशवाणी, पेट्रोलपंप, मोतीसागर तालाब, उरकुरा बर्मीबन ईटा भट्ठा, बस्ती मार्ग 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*संत कबीर दास :* हाई-मीडिल स्कूल, साहूपारा, पुरानी बस्ती, नंदी चौक रेलवे लाइन नाला क्षेत्र 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
उरकुरा मुख्य मार्ग - 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*ठाकुर देव :* कबीर चौक, उपस्वास्थ्य केंद्र रेलवे लाइन, बड़ा तालाब सहित अन्य मार्ग 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*माधव राव सप्रे :* उरकुरा मुख्य मार्ग, अडवाणी फैक्ट्री इंडस्ट्रीयल एरिया 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
हाउसिंग बोर्ड कालोनी, आवासीय ब्लॉक 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*कैलाश नगर :* रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
आकाश नगर, कैलाश नगर 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*संत रविदास :* शुक्रवारी बाजार, इतवारी बाजार, सत्यनगर, तेलुगु पारा इंदिरा नगर मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*राधा कृष्णन :* मेटल पार्क रोड 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
शिव-पार्वती मूर्ति, शांतिनगर, बड़ा तालाब के नीचे का क्षेत्र 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*शहीद भगत सिंह :* उरला-बिरगांव मुख्य मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
संतोषनगर-बजरंग नगर मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मां परमेश्वरी माता :* लोहार पारा, देवांगनपारा, शिवनगर, पुरानी बस्ती, सतनामीपारा 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*शहीद वीर नारायण सिंह :* शुक्रवारी-इतवारी बाजार, सहारा देव चौक, सतनामीपारा मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*पं. सुंदर लाल शर्मा :* विशाल कालोनी, विद्युत कालोनी, आडवानी स्कूल उरला रोड सहित अन्य 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मोहम्मद अब्दुल रऊफ :* रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
गौरव पथ, व्यास तालाब, विमल एन्क्लेव 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
गाजीनगर, जौहरे आजम मोहल्ला, दुर्गा मंदिर, मस्जिद क्षेत्र 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*डा. भीमराव आंबेडकर :* सरकारी कुंआ मोहल्ला, भालोठिया कालोनी, नूरी मोहल्ला, आजाद चौक सहित अन्य 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*शहीद चंद्रशेखर आजाद :* सुभाष चौक, आजाद चौक, गायत्री नगर, गाजीनगर, परमेश्वरी नगर सहित अन्य 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*सुभाषचंद्र बोस :* टिम्बर मार्केट रोड, दुर्गा नगर गेट, बाम्बे बेकरी, अटल चौक मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*भारत माता :* दुर्गानगर, रंगमंच चौक, भिलाई गोडाउन चौक तक 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*पंडित जवाहरलाल नेहरू :* नागेश्वर नगर, टिम्बर मार्केट, नाला क्षेत्र 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*महात्मा गांधी :* लटयारिन मंदिर, नगर निगम ऑफिस, सांस्कृतिक भवन चौक सहित अन्य मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*डा. खूबचंद बघेल :* बुधवारी बाजार चौक, बंगालीपारा से मोतीसागर तालाब चौक मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*इंदिरा गांधी :* शहीद नगर, मदरसा, नया बस्ती, शहीद स्कूल चौक सहित अन्य मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मिनीमाता :* सरोरा मुख्य मार्ग 1 करोड़, 60 लाख
महामाया नगर, शिव मोहल्ला, बजरंग नगर, खदान रोड सहित अन्य मार्ग 1 करोड़, 60 लाख
*मां कर्मा माता :* बजरंग चौक, बाजाद चौक, लीला चौक, त्रिवेणी चौक, शीतला चौक मार्ग 1 करोड़, 60 लाख
*सरदार वल्लभ भाई पटेल :* कोलवा तालाबपार, स्कूलपारा, खाल्हेपारा, ठाकुरदेव, बाजार चौक सहित अन्य 1 करोड़, 60 लाख
*डा. रविंद्रनाथ टैगोर :* मंगल धाम, बाजार चौक, गणेश चौक, दुर्गा चौक, शिव मोहल्ला, काली मंदिर का क्षेत्र 1 करोड़, 60 लाख

### रायपुर की टीम ....

टीम नहीं पहुंची। नकली दवा का लिंक तलाशने के दौरान टीम को कारोबारी के घर दवा के अवैध गोदाम का पता चला। इसकी जानकारी स्थानीय टीम को देकर वे अपनी जांच पूरी वापस लौट आए थे। इस मामले में विवाद की शुरुआत तब हुई जब रायपुर जिले के एडीसी ने रायपुर के दोनों अधिकारियों सहित रायगढ़ जिले के दो निरीक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें शोकॉज नोटिस जारी कर दिया। इस मामले में भी यह आरोप लगा कि औषधि निरीक्षकों के जवाब का परीक्षण और साक्ष्य के बिना लापरवाही का आरोप लगा दिया गया।

नकली दवा के इस मामले में नया मोड़ तब आ गया जब जांच टीम को नोटिस जारी करने वाले एडीसी शहर के एक रेस्टोरेंट में सारंगढ़ के दवा कारोबारी से मीटिंग करते हुए पकड़े गए और आरोपों से घिरने के बाद जांच के दायरे में आ गए। अधिवक्ता भगवानू नायक के मुताबिक व्यवस्था के तहत काम करने के लिए अलग-अलग क्षेत्राधिकार तय किए जाते हैं। मामले की जांच स्थानीय जांच टीम का शामिल होना जरूरी है।

### तेलीबांधा तालाब किनारे ...

नहीं लिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे शनिवार को एमआईसी सदस्यों के साथ तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव पहुंचीं और यह बात स्पष्ट की कि मार्निंग वॉक करने वालों का सम्मान है, उनसे कोई शुल्क नही लिया जाएगा। राजधानी के मरीन ड्राइव इलाके अब गाड़ी खड़ा करने पर नगर निगम को पार्किंग शुल्क देना होगा। अभी तक शहरवासी परिवार के साथ यहां बेफ्रिक होकर अपने गाड़ी तेलीबांधा किनारे पार्क कर इत्नीमान से घूमने का मजा लेते रहे। न दोपहिया वालों से, न तिपहिया और चारपहिया वालों से पार्किंग का शुल्क का प्रावधान रहा।

इसके चलते इस इलाके में रोजाना सुबह से देर शाम तक रौनक रहती है। बड़ी संख्या में लोग सेहतमंदी के लिए यहां आते रहे हैं। अब नगर निगम यहां गाड़ी खड़ा करने पर न केवल पार्किंग शुल्क वसूलेगा, बल्कि पार्किंग में रखी गाड़ियों के चोरी, टूट-फूट या नुकसान की जिम्मेदारी नहीं लेगा। यानी पार्किंग शुल्क देकर भी मालिक को अपनी जिम्मेदारी पर गाड़ी पार्क करनी होगी। महापौर मीनल चौबे ने शनिवार को एमआईसी सदस्यों के साथ पार्किंग व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर स्थल की समीक्षा की।

**अभनपुर में नवनिर्मित भवन का हुआ लोकार्पण**

# धीवर समाज सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा : इन्द्रकुमार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर**



छत्तीसगढ़ धीवर समाज परगना अभनपुर के तत्वावधान में भक्त गुहा निषाद जंयती के उपलक्ष्य मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई एवं नगर पालिका के समीप नवनिर्मित भवन का लोकार्पण व वार्षिक आमसभा का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर धीवर समाज द्वारा भगवान राम के प्रतिमा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में सामाजिक लोग शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ जगह -जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवयुवकों द्वारा अखाड़े का करतब दिखाते नगर भ्रमण कर रहे थे जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा धीवर समाज के सामाजिक भवन में सभा के रूप मे परिवर्तित हुई जहां कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रकुमार साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, मछुवारा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, पालिका अध्यक्ष्ज्ञ उत्रसेन गहिरवारे प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने धीवर समाज को संबोधित करते कहा कि धीवर समाज, सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज में जागरूकता आई है तथा बड़ी संख्या में उपस्थिती से सामाजिक एकता साफ दिख रही है। शासन द्वारा चलाये जा रहे है विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से करते सभी लोगों को अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील विधायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक बजाज ने कहा कि यह समाज के साथ मेरा बहुत अधिक जुड़ाव है ,मै और मेरी पार्टी धीवर समाज के साथ हर समय साथ खड़ी रही,समाज मे आज काफी जागरूकता आ गई है,धीवर समाज के लोग प्रशासनिक पदों में भी काम कर रहे है और आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ रहे है।

इस अवसर पर मछुवारा संघ अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि मछुपारा कल्याण बोर्ड के अंतर्गत समाज का कोई भी व्यक्ति किसी भी योजना का लाभ लेना चाहता है वह हमसे सीधा मिल सकता है हर संभव मदद का करूंगा।

## निधन

### फिरतु राम यादव



**आरंग।** ग्राम सिलयारी (कुरुद) निवासी 68 वर्षीय फिरतु राम यादव का शनिवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे प्यारी बाई के पति, संतोष व संजय यादव के पिता थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/वाचक/तह./2025 मंदिर हसौद, दिनांक 12.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक फूलसिंग बंजारे पिता बिसाली बंजारे निवासी ग्राम गुजरा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मेरे पुत्र के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम गुजरा स्थित भूमि ख.न. 308/2, 308/3, 311/2 रकबा 0.4500, 0.2800, 0.1000 हे. भूमिस्वामी कोमल चंद बंजारे पिता फुलसिंग बंजारे के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मेरे पुत्र कोमल चंद बंजारे पिता फुलसिंग बंजारे की मृत्यु दिनांक 17/07/2025 को हो चुकी है। मेरे पुत्र के मृत्यु के पश्चात उनके पत्नि बिंदु बंजारे के द्वारा फर्जी तरीके से मेरा नाम दर्ज न कराकर केवल अपना बिन्दु बंजारे ना.बा. रिया बंजारे पिता कोमलचंद बंजारे वली मा बिन्दु बंजारे का नाम विधिक वारिसान के रूप में दर्ज करा लिया गया है, जबकि और उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज होना छुट गया है उपरोक्त भूमि को मेरे पुत्र द्वारा अपने स्वयं के आय से क्रय नही किया गया था बल्कि मेरे द्वारा ही क्रय किया गया था अर्थात उपरोक्त भूमि पैत्रिक भूमि नही है बल्कि मेरे द्वारा अपने आय से खरिदने के कारण मेरी स्वअर्जित भूमि है इस कारण से उपरोक्त भूमि पर मेरा पूर्ण हक व अधिकार है। मेरे पुत्र कोमल चंद बंजारे पिता फुलसिंग बंजारे के मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान बिंदु बंजारे, ना बा रिया बंजारे, पिता कोमल चंद बंजारे वली मां बिंदु बंजारे एवं सहखातेदार के रूप में मेरा फुलसिंह बंजारे पिता का नाम भी राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 29/01/2026 तक स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 12/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28/01/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम - डोमा प.ह.न.-84 रा.नि.मं रायपुर - 18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री सौरभ चन्द्राकर पिता श्री हीरालाल चन्द्राकर निवासी वार्ड नंबर 12, अलमीपारा खैरागढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर. 198 / 66 रकबा 0.0100 हेक्टर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/क/ वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 07/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक :- 05/02/2026 को किया जाना नियत है । अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18 कांदुल

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुजा मयंक लुनिया, पति - मयंक रमेशकुमार लुनिया, निवासी - अवेन्यू 144, मेडिसाईन हॉस्पिटल के पास, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर -492001, छ.ग. की स्थायी निवासी हूँ।
मैं यह शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम "पुजा दिनेश पारख" था, जिसे मैंने त्याग कर अपना नया नाम "पुजा मयंक लुनिया" रख लिया है।
अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, शैक्षणिक एवं अन्य सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं रिकॉर्ड में मेरे नए नाम पुजा मयंक लुनिया, पति मयंक रमेश कुमार लुनिया से ही जाना व पहचाना जाए।

यह नाम परिवर्तन मैंने पूर्ण होश-हवास में, स्वेच्छा से तथा बिना किसी दबाव के किया है।
दिनांक: 30.01.2026

पुजा मयंक लुनिया
पति : मयंक रमेशकुमार लुनिया
स्थान : अवेन्यू 144, मेडिसाईन हॉस्पिटल के पास, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर -492001, छ.ग.

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

A Next-Gen School with A Global Outlook
COLUMBIA GLOBAL SCHOOL
Rising with Character Flying with Humbleness
COLUMBIA GLOBAL SCHOOL
CBSE AFFILIATION NO. 3330367



Build potential More Than Marks
Build Today's Concepts and Crack Tomorrow's
23+ ACTIVITIES
A State of the art ROBOTICS LAB
National Level SPORTS GUIDANCE
NEET JEE
Preparations along with CBSE curriculum
MATHS | COMMERCE | HUMANITIES | SCIENCE
ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27
REGISTER NOW
Limited Seats Available
NURSERY to GRADE IX & XI
Robotics, Language, Science & Maths Labs | Kreedo, Science & Maths kits
Tech-Oriented Environment | Faculties From Across India | Daily Yoga & Activities
8982 888 999
NEAR OLD VIDHAN SABHA TEKARI, RAIPUR (C.G.)
www.columbiaglobalschool.com

# नशे के अवैध कारोबार को रोकने कमिश्नरेट के सभी जोन में एनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

यूथ को मादक पदार्थ की गिरफ्त में जाने से बचाने के लिए कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर रायपुर कमिश्नरेट के उत्तर, मध्य तथा पश्चिम तीनों जोन में नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन सेंटर (एनकार्ड) की टीम गठित की गई है। एनकार्ड की टीम डीसीपी के दिशा निर्देश पर काम करेगी। कबीर नगर, आमानाका थाना क्षेत्र मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में काफी संवेदनशील क्षेत्र हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने ऐसे मादक पदार्थ तस्करी के जो केंद्र हैं, उनकी पहचान कर तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## कमिश्नर बोले मादक पदार्थ का अवैध कारोबार रोकने इंड टू इंड कार्रवाई

### एनकार्ड गृह मंत्रालय का तंत्र

एनकार्ड भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा स्थापित एक तंत्र है, जिसका उद्देश्य भारत में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय को सुविधाजनक बनाना है। एनकार्ड की स्थापना 2016 में हुई थी, इसके बाद 2019 में इसे चार-स्तरीय प्रणाली में पुनर्गठित किया गया। इसमें शीर्ष समिति, कार्यकारी समिति, राज्य स्तरीय समिति और जिला स्तरीय समिति शामिल हैं। एनकार्ड इंटर स्टेट एजेंसी के साथ समन्वय को बढ़ाने, वास्तविक समय की खुफिया जानकारी साझा करने और नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों की निगरानी करने का काम करता है। एनकार्ड निदान पोर्टल (गिरफ्तार नशीले पदार्थों के अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस) और मानस हेल्पलाइन (1933) से जुड़ा हुआ है।



**तस्करी रोकने तीन लेयर में कार्रवाई** : मादक पदार्थों की तस्करी रोकने पूर्व में रेंज तथा जिला स्तर पर पुलिस कार्रवाई करती थी। कमिश्नरेट बनने के बाद मादक पदार्थों की तस्करी रोकने तीन लेयर पर पुलिस कार्रवाई करेगी। रेंज, जिला के साथ अब कमिश्नरेट लेवल पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इससे मादक पदार्थ की तस्करी के साथ खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगेगा।

### इस रूट से यह मादक पदार्थ पहुंच रहा

मादक पदार्थों में सबसे ज्यादा मांग अब भी गांजे की है। दूसरे नंबर पर हेरोइन चिट्टा, उसके बाद अन्य मादक पदार्थों की मांग ज्यादा रहती है। संपन्न परिवार से जुड़े तथा बाहर से आकर पढ़ने वाले बच्चों में सबसे ज्यादा मांग सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए की मांग रहती है। एमडीएमए की आपूर्ति क्लब के माध्यम से की जाती है। जिन मादक पदार्थों की यहां तस्करी हो रही है, उसका रूट चार्ट इस प्रकार से है- - गांजा - ओडिशा , एमडीएमए - मुंबई, दिल्ली, नागपुर, हेरोइन चिट्टा, कोकीन - पंजाब, हरियाणा, अफीम - राजस्थान, हरियाणा, कफ सीरप, टेबलेट - ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र।

### एनकार्ड का काम निगरानी कर तस्करी रोकना

मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने उत्तर, मध्य तथा पश्चिम जोन में एनकार्ड बनाया गया है। एनकार्ड का काम निगरानी कर मादक पदार्थों की तस्करी रोकना है। मादक पदार्थ के कारोबार पर अंकुश लगाने इंड टू इंड कार्रवाई की जाएगी। तभी ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त किया जा सकता है।

*- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर*

वर्ष 2025 में राजधानी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने के पौने तीन सौ प्रकरण दर्ज कर 445 तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उन तस्करों के कब्जे से दो करोड़ 81 लाख रुपए कीमत के मादक पदार्थों की जब्ती की थी। मादक पदार्थों की पिछले पांच वर्षों की तुलना में वर्ष 2025 में कार्रवाई डेढ़ से पौने दो गुना ज्यादा हुई है।

***एक माह में 82 लाख के मादक पदार्थों की जब्ती:*** जनवरी में पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम तथा संबंधित थानों की पुलिस ने राजधानी के शहरी थाना क्षेत्र में 82 लाख रुपए के मादक पदार्थों की जब्ती की है। ग्रामीण के थाना क्षेत्र को जोड़कर पुलिस ने सवा करोड़ रुपए के करीब मादक पदार्थों की जब्ती की है। पुलिस ने पिछले एक महीने में मादक पदार्थों की तस्करी के जो प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की है, उनमें आधे से ज्यादा नए चेहरे शामिल हैं।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर आज

रायपुर। पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्रनगर, अमलीडीह एवं महावीर नगर तथा सिटी ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए हर साल की तरह इस बार भी रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। यह शिविर मेडिशाइन हास्पिटल के पास स्थित एसएसडी धाम में लगाया जा रहा है। पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि युवा विंग के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में समाजजनों समेत अन्य लोगों से रक्तदान कर पीड़ित बच्चों की मदद के लिए आगे आने का अनुरोध किया है।

## निधन

### खगेश्वर प्रसाद यादव



रायपुर। मंजीत ग्रीन सिटी रायपुरा निवासी सेवानिवृत्त हिंदी अधिकारी खगेश्वर प्रसाद यादव का 31 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 फरवरी को सुबह 8 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पद्मा यादव के पति और विवेक यादव, मनीषा, मेधा-प्रज्ञा के पिता थे।

### सुनील मंधानी



रायपुर। कचना हाऊसिंग बोर्ड निवासी सुनील मंधानी (48) का 31 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 फरवरी को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कन्हैयालाल, विनोद मंधानी के भाई थे।

### संजय टंडन



रायपुर। बजरंग नगर तत्यापारा निवासी संजय टंडन (44) का 31 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 फरवरी को महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे मालती टंडन के पति थे।

### हरिराम सिंह



रायपुर। कोटा रोड, सिंगापुर सिटी निवासी हरिराम सिंह (86) का 31 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रविवि में सांख्यिकीय विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं कुलपति थे। वे अरविंद, वर्षा, आनंद, बिंदिया के पिता थे।

# गश्त पाइंट में पुलिस की सक्रियता को चुनौती, चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- थाने से चंद कदम की दूरी पर ऑटो मोबाइल सहित दो इलेक्ट्रॉनिक दुकान में सेंध



चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सक्रियता को चुनौती देते हुए गश्त पाइंट में तीन दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर इतने शातिर थे की सीसीटीवी कैमरा में वे कैद न हों, इसके लिए उन्होंने कैमरों की दिशा ही बदल दी। घटना गोलबाजार थाना क्षेत्र के आदित्य होटल के पास की है। हालांकि इस बात का विवरण नहीं मिल पाया है कि चोर कितना कैश तथा सामान चोरी कर ले गए हैं। मौके पर पुलिस तथा एफएसएल की टीम जांच करने पहुंची थी। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की है।

चोरों ने जया ऑटो मोबाइल तथा अन्य दो इलेक्ट्रॉनिक दुकान में सेंध लगाकर चोरी की है। चोर ने तीसरी मंजिल में चढ़कर टिन शेड को काटकर दुकान के अंदर प्रवेश कर एक दुकान का ताला तोड़ने के बाद दूसरी तथा तीसरी मंजिल पर उतरकर दो अन्य दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप में चोरी करने चोर दुकान का कुंदा तोड़ने के बजाय दीवार में सेंध लगाकर हाथ अंदर डालकर कुंदा खोल कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और चोरी की।

### जहां चोरी वहीं से पुलिस का गश्त पाइंट

जिन दुकानों में चोरी हुई है, उसी जगह पर पुलिस का गश्त पाइंट शुरू होता है। इसके साथ ही दिन के साथ रात के समय भी वहां लोगों की आवाजाही होती रहती है। साथ ही रात के समय घटना स्थल के पास पुलिस का फिक्स गश्त पाइंट है। इस स्थिति में चोरों द्वारा तीसरी मंजिल में पहुंचकर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार होना और इस बात की पुलिस को भनक नहीं लगना, पुलिस की बड़ी चूक को दर्शाता है।

## बिजनेस साइट

### रालास मोटर्स में साल की शुरुआत पर महाऑफर की धूम



रायपुर। महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के समस्त वाहनों के अधिकृत डीलर रालास मोटर्स में साल की शुरुआत के साथ ही महा ऑफर की जबरदस्त धूम मची हुई है। 25 वर्षों से विश्वास का पर्याय बने रालास मोटर्स द्वारा यह विशेष ऑफर 5 फरवरी 2026 तक राडा ऑटो एक्सपो के अंतर्गत दिया जा रहा है, जिसमें महिन्द्रा के सभी वाहनों पर लाइफटाइम रोड टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट शामिल है। रालास मोटर्स के मनीष राज सिंघानिया एवं ऋषीराज सिंघानिया ने बताया कि रायपुर सहित महासमुंद, सरायपाली, बलौदाबाजार और अन्य सभी शोरूम में ग्राहक इस महा ऑफर का लाभ उठा रहे हैं। विभिन्न मॉडलों में एक्सयूवी 3एक्सओ, स्कॉर्पियो, थार, एक्सयूवी 700, स्कॉर्पियो एन एवं एक्सयूवी 400 पर आकर्षक फायदे दिए जा रहे हैं। महाप्रबंधक यासीन शेखानी के अनुसार महिन्द्रा कार्गो श्रेणी के वाहनों, सुपर प्रॉफिट ट्रक, विरो एवं मैक्स पिकअप पर भी विशेष छूट, 95 प्रतिशत तक ऑन-रोड फंडिंग तथा पुरानी गाड़ी स्क्रैप करने पर 1.50 लाख रुपये तक का लाभ दिया जा रहा है। यह ऑफर स्टॉक रहने तक मान्य है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का मजबूत प्रदर्शन लाभ और आस्ति गुणवत्ता में सुधार

रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष 2025-26 के नौ महीनों के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। बैंक ने स्थिर आस्ति गुणवत्ता और सुदृढ़ लाभप्रदता के बल पर व्यवसाय वृद्धि में निरंतरता बनाए रखी है। वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बैंक का निवल लाभ 4.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 5,055 करोड़ रुपए रहा, जबकि नौ महीनों में यह 14,405 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। तिमाही के दौरान परिचालनगत लाभ 7,377 करोड़ रुपए और निवल ब्याज आय 11,800 करोड़ रुपए रही। गैर-ब्याज आय में भी 5.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की आस्ति गुणवत्ता में और सुधार हुआ है। सकल एनपीए घटकर 2.04 प्रतिशत और निवल एनपीए 0.57 प्रतिशत पर आ गया। आरओए 1.09 प्रतिशत और आरओई 15.59 प्रतिशत रहा। खुदरा, कृषि और एमएसएमई ऋणों में मजबूत वृद्धि के साथ बैंक की बैलेंस शीट सुदृढ़ बनी हुई है।

## अभनपुर के रिश्वतखोर सीएमओ, सब इंजीनियर को कैद के साथ जुर्माना

- अभनपुर में आठ वर्ष पूर्व की घटना, एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था

रायपुर। अभनपुर नगर पंचायत के तत्कालीन सीएमओ तथा सब इंजीनियर को ईओडब्लू की विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के आरोप में तीन-तीन वर्ष कैद तथा 1-1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष अदालत मधुसूदन चंद्राकर की ईओडब्लू की कोर्ट में हुई। सीएमओ तथा सब इंजीनियर द्वारा रिश्वत लेने की घटना आठ वर्ष पूर्व 2018 की है। विशेष लोक अभियोजक विपुल नायक के अनुसार कोर्ट ने अभनपुर के तत्कालीन सीएमओ सेवानिवृत्त अनिल शर्मा तथा सब इंजीनियर सुरेश चंद्र गुप्ता को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। एसीबी की टीम ने दोनों अफसरों को 31 दिसंबर 2018 को रिश्वत लेते ट्रैप किया था। दोनों अफसरों के खिलाफ जेपी कंस्ट्रक्शन के प्रोप्राइटर जयप्रकाश गिलहरे ने रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। जय प्रकाश ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि सीएमओ तथा सब इंजीनियर बकाया बिल भुगतान करने के एवज में उससे 40 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं।

*यह था पूरा मामला* : जयप्रकाश ने अभनपुर में 55 लाख 55 हजार रुपए में पुष्प वाटिका निर्माण करने ठेका लिया था। पहली किस्त 19 लाख 66 हजार रुपए पाने जयप्रकाश ने एक लाख रुपए रिश्वत के तौर पर सीएमओ को दिया था। इसके बाद शेष रकम की भुगतान के नाम पर सीएमओ ने नगर पंचायत अध्यक्ष को देने की बात कहते हुए और 40 हजार रुपए देने की मांग की।

## पेज 11 के शेष ...

### पीएससी बताएगा-दूसरे ....

शामिल होना चाहते हैं। कई बार आधिकारिक वेबसाइट ढूंढने में परीक्षार्थियों का अत्यधिक समय व्यर्थ होता है। अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट बनाकर फीस के नाम पर पैसे ठगने जैसे मामले भी सामने आते रहे हैं। पीएससी की वेबसाइट पर ही आधिकारिक लिंक होने से अभ्यर्थियों को इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### बीते वर्षों के प्रश्न पत्र भी ....

के स्टडी मटेरियल भी इमसें हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के पोर्टल पर भी अभ्यर्थी पीएससी वेबसाइट के जरिए पहुंच सकते हैं। पीएससी ने पिछली परीक्षाओं के प्रश्नपत्र भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। अभ्यर्थियों को अब कोचिंग सेंटर से पृथक रूप से प्रश्न बैंक खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। वे एक क्लिक पर ही पिछली परीक्षाओं का पैटर्न समझ सकेंगे।

### पूर्ववत सुविधाएं भी ....

फर्जीवाड़े के बाद पीएससी की साख पूर्ववत नहीं रही है। इसमें सुधार करने तथा परीक्षाओं को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने आयोग लगातार प्रयास कर रहा है।

### इन वार्डों में 1.20....

करोड़ रुपए तथा मुख्य मार्ग से अंदर 60 लाख रुपए तय किया गया है। इस तरह संशोधित गाइड लाइन में इन वार्डों में 1 करोड़ 20 लाख रुपए से लेकर 1 करोड़ 50 लाख रुपए तक घटाई गई है।

### वार्डवार जमीन की ....

मेटल पार्क रोड 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*छत्रपति शिवाजी महाराज* : सतनामीपारा, चंडी चौक, प्रेमनगर, चुरलिन चौक, दुर्गानगर मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मां दंतेश्वरी माता* : ट्रांसपोर्टनगर 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
प्रगति चौक, बजरंग चौक, फुलवारी चौक, रानी खोलपारा, हृदय लाल पारा सहित अन्यः 2.50 करोड़ , 1.30 करोड़
*मां शीतला माता* : उरकुरा मुख्य मार्ग, इंडस्ट्रीयल एरिया 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
आकाशवाणी, पेट्रोलपंप, मोतीसागर तालाब, उरकुरा बर्मीबन ईटा भट्ठा, बस्ती मार्ग 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*संत कबीर दास* : हाई-मीडिल स्कूल, साहूपारा, पुरानी बस्ती, नंदी चौक रेलवे लाइन नाला क्षेत्र 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
उरकुरा मुख्य मार्ग - 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*ठाकुर देव* : कबीर चौक, उपस्वास्थ्य केंद्र रेलवे लाइन, बड़ा तालाब सहित अन्य मार्ग 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*माधव राव सप्रे* : उरकुरा मुख्य मार्ग, अडवाणी फैक्ट्री इंडस्ट्रीयल एरिया 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
हाउसिंग बोर्ड कालोनी, आवासीय ब्लॉक 1.95 करोड़, 1.20 करोड़
*कैलाश नगर* : रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
आकाश नगर, कैलाश नगर 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*संत रविदास* : शुक्रवारी बाजार, इतवारी बाजार, सत्यनगर, तेलुगु पारा इंदिरा नगर मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*राधा कृष्णन* : मेटल पार्क रोड 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
शिव-पार्वती मूर्ति, शांतिनगर, बड़ा तालाब के नीचे का क्षेत्र 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*शहीद भगत सिंह* : उरला-बिरगांव मुख्य मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
संतोषनगर-बजरंग नगर मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मां परमेश्वरी माता* : लोहार पारा, देवांगनपारा, शिवनगर, पुरानी बस्ती, सतनामीपारा 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*शहीद वीर नारायण सिंह* : शुक्रवारी-इतवारी बाजार, सहारा देव चौक, सतनामीपारा मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*पं. सुंदर लाल शर्मा* : विशाल कालोनी, विद्युत कालोनी, आडवानी स्कूल उरला रोड सहित अन्य 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मोहम्मद अब्दुल रऊफ* : रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
गौरव पथ, व्यास तालाब, विमल एन्क्लेव 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
गाजीनगर, जौहरे आजम मोहल्ला, दुर्गा मंदिर, मस्जिद क्षेत्र 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*डा. भीमराव आंबेडकर* : सरकारी कुंआ मोहल्ला, भालोठिया कालोनी, नूरी मोहल्ला, आजाद चौक सहित अन्य 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*शहीद चंद्रशेखर आजाद* : सुभाष चौक, आजाद चौक, गायत्री नगर, गाजीनगर, परमेश्वरी नगर सहित अन्य 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*सुभाषचंद्र बोस* : टिम्बर मार्केट रोड, दुर्गा नगर गेट, बाम्बे बेकरी, अटल चौक मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*भारत माता* : दुर्गानगर, रंगमंच चौक, भिलाई गोडाउन चौक तक 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*पंडित जवाहरलाल नेहरू* : नागेश्वर नगर, टिम्बर मार्केट, नाला क्षेत्र 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*महात्मा गांधी* : लटयारिन मंदिर, नगर निगम ऑफिस, सांस्कृतिक भवन चौक सहित अन्य मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*डा. खूबचंद बघेल* : बुधवारी बाजार चौक, बंगालीपारा से मोतीसागर तालाब चौक मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*इंदिरा गांधी* : शहीद नगर, मदरसा, नया बस्ती, शहीद स्कूल चौक सहित अन्य मार्ग 2.50 करोड़, 1.30 करोड़
*मिनीमाता* : सरोरा मुख्य मार्ग 1 करोड़ , 60 लाख
महामाया नगर, शिव मोहल्ला, बजरंग नगर, खदान रोड सहित अन्य मार्ग 1 करोड़, 60 लाख
*मां कर्मा माता* : बजरंग चौक, बाजाद चौक, लीला चौक, त्रिवेणी चौक, शीतला चौक मार्ग 1 करोड़, 60 लाख
*सरदार वल्लभ भाई पटेल* : कोलवा तालाबपार, स्कूलपारा, खाल्हेपारा, ठाकुरदेव, बाजार चौक सहित अन्य 1 करोड़, 60 लाख
*डा. रविंद्रनाथ टैगोर* : मंगल धाम, बाजार चौक, गणेश चौक, दुर्गा चौक, शिव मोहल्ला, काली मंदिर का क्षेत्र 1 करोड़, 60 लाख

### रायपुर की टीम ....

टीम नहीं पहुंची। नकली दवा का लिंक तलाशने के दौरान टीम को कारोबारी के घर दवा के अवैध गोदाम का पता चला। इसकी जानकारी स्थानीय टीम को देकर वे अपनी जांच पूरी वापस लौट आए थे। इस मामले में विवाद की शुरुआत तब हुई जब रायपुर जिले के एडीसी ने रायपुर के दोनों अधिकारियों सहित रायगढ़ जिले के दो निरीक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें शोकॉज नोटिस जारी कर दिया। इस मामले में भी यह आरोप लगा कि औषधि निरीक्षकों के जवाब का परीक्षण और साक्ष्य के बिना लापरवाही का आरोप लगा दिया गया। नकली दवा के इस मामले में नया मोड़ तब आ गया जब जांच टीम को नोटिस जारी करने वाले एडीसी शहर के एक रेस्टोरेंट में सारंगढ़ के दवा कारोबारी से मीटिंग करते हुए पकड़े गए और आरोपों से घिरने के बाद जांच के दायरे में आ गए। अधिवक्ता भगवानू नायक के मुताबिक व्यवस्था के तहत काम करने के लिए अलग-अलग क्षेत्राधिकार तय किए जाते हैं। मामले की जांच स्थानीय जांच टीम का शामिल होना जरूरी है।

### तेलीबांधा तालाब किनारे ...

नहीं लिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे शनिवार को एमआईसी सदस्यों के साथ तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव पहुंचीं और यह बात स्पष्ट की कि मार्निंग वॉक करने वालों का सम्मान है, उनसे कोई शुल्क नही लिया जाएगा। राजधानी के मरीन ड्राइव इलाके अब गाड़ी खड़ा करने पर नगर निगम को पार्किंग शुल्क देना होगा। अभी तक शहरवासी परिवार के साथ यहां बेफ्रिक होकर अपने गाड़ी तेलीबांधा किनारे पार्क कर इत्मीनान से घूमने का मजा लेते रहे। न दोपहिया वालों से, न तिपहिया और चारपहिया वालों से पार्किंग का शुल्क का प्रावधान रहा। इसके चलते इस इलाके में रोजाना सुबह से देर शाम तक रौनक रहती है। बड़ी संख्या में लोग सेहतमंदी के लिए यहां आते रहे हैं। अब नगर निगम यहां गाड़ी खड़ा करने पर न केवल पार्किंग शुल्क वसूलेगा, बल्कि पार्किंग में रखी गाड़ियों के चोरी, टूट-फूट या नुकसान की जिम्मेदारी नहीं लेगा। यानी पार्किंग शुल्क देकर भी मालिक को अपनी जिम्मेदारी पर गाड़ी पार्क करनी होगी। महापौर मीनल चौबे ने शनिवार को एमआईसी सदस्यों के साथ पार्किंग व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर स्थल की समीक्षा की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/वाचक/तह./2025 मंदिर हसौद, दिनांक 12.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक फूलसिंग बंजारे पिता बिसाली बंजारे निवासी ग्राम गुजरा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मेरे पुत्र के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम गुजरा स्थित भूमि ख.न. 308/2, 308/3, 311/2 रकबा 0.4500, 0.2800, 0.1000 हे. भूमिस्वामी कोमल चंद बंजारे पिता फुलसिंग बंजारे के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मेरे पुत्र कोमल चंद बंजारे पिता फुलसिंग बंजारे की मृत्यु दिनांक 17/07/2025 को हो चुकी है। मेरे पुत्र के मृत्यु के पश्चात उनके पत्नि बिंदु बंजारे के द्वारा फर्जी तरीके से मेरा नाम दर्ज न कराकर केवल अपना बिन्दु बंजारे ना.बा. रिया बंजारे पिता कोमलचंद बंजारे वली मा बिन्दु बंजारे का नाम विधिक वारिसान के रूप में दर्ज करा लिया गया है, जबकि और उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज होना छुट गया है उपरोक्त भूमि को मेरे पुत्र द्वारा अपने स्वयं के आय से क्रय नही किया गया था बल्कि मेरे द्वारा ही क्रय किया गया था अर्थात उपरोक्त भूमि पैत्रिक भूमि नही है बल्कि मेरे द्वारा अपने आय से खरिदने के कारण मेरी स्वअर्जित भूमि है इस कारण से उपरोक्त भूमि पर मेरा पूर्ण हक व अधिकार है। मेरे पुत्र कोमल चंद बंजारे पिता फुलसिंग बंजारे के मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान बिंदु बंजारे, ना बा रिया बंजारे, पिता कोमल चंद बंजारे वली मां बिंदु बंजारे एवं सहखातेदार के रूप में मेरा फुलसिंह बंजारे पिता का नाम भी राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 29/01/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 12/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28/01/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम - डोमा प.ह.न.-84 रा.नि.मं रायपुर - 18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री सौरभ चन्द्राकर पिता श्री हीरालाल चन्द्रकार निवासी वार्ड नंबर 12, अलमीपारा खैरागढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर. 198 / 66 रकबा 0.0100 हेक्टर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/क/ वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 07/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक :- 05/02/2026 को किया जाना नियत है । अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18 कांदुल

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुजा मयंक लुनिया, पति - मयंक रमेशकुमार लुनिया, निवासी - अवेन्यू 144, मेडिसाईन हॉस्पिटल के पास, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर -492001, छ.ग. की स्थायी निवासी हूँ।
मैं यह शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम "पुजा दिनेश पारख" था, जिसे मैंने त्याग कर अपना नया नाम "पुजा मयंक लुनिया" रख लिया है।
अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, शैक्षणिक एवं अन्य सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं रिकॉर्ड में मेरे नए नाम पुजा मयंक लुनिया, पति मयंक रमेश कुमार लुनिया से ही जाना व पहचाना जाए।

यह नाम परिवर्तन मैंने पूर्ण होश-हवास में, स्वेच्छा से तथा बिना किसी दबाव के किया है।
दिनांक: 30.01.2026

पुजा मयंक लुनिया
पति : मयंक रमेशकुमार लुनिया
स्थान : अवेन्यू 144, मेडिसाईन हॉस्पिटल के पास, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर -492001, छ.ग.

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

A Next-Gen School with A Global Outlook
COLUMBIA GLOBAL SCHOOL
COLUMBIA GLOBAL SCHOOL
CBSE AFFILIATION NO. 3330367

Build potential
More Than Marks
Build Today's Concepts and Crack Tomorrow's
NEET JEE
Preparations along with CBSE curriculum
23+ ACTIVITIES
A State of the art ROBOTICS LAB
National Level SPORTS GUIDANCE
MATHS | COMMERCE | HUMANITIES | SCIENCE
ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27
REGISTER NOW
Limited Seats Available
NURSERY to GRADE IX & XI
Robotics, Language, Science & Maths Labs | Kreedo, Science & Maths kits
Tech-Oriented Environment | Faculties From Across India | Daily Yoga & Activities
8982 888 999
NEAR OLD VIDHAN SABHA TEKARI, RAIPUR (C.G.)
www.columbiaglobalschool.com

# श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव

LEARN • SERVE • ASPIRE
SRI SIDDHGURU



"जब तक तुम्हें जीना नहीं आता, जीवन संघर्ष है और जिस दिन तुम्हें जीना आ गया, जीवन खेल बन जाएगा।"

## सिद्धि शक्ति का महा आशीर्वाद

### भू-गर्भा समाधी का पुण्यफल एवं सभी को अभिमंत्रित रुद्राक्ष भेंट

दिनांक: 1 फरवरी, रविवार 2026

स्थान: अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम
जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल
मेडिकल कॉलेज ,रायपुर
छत्तीसगढ़ - 492001

समय: शाम 4 बजे से

कार्यकर्म के पस्चात भोजन प्रसादी

विनीत : समस्त भक्तजन श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



वेलेंटाइन-डे युवाओं के लिए खास मायने रखता है। इस दिन को स्पेशल बनाने के लिए उनकी तैयारी भी खास रहती है। वेलेंटाइन-डे के मद्देनजर शहर के फूल बाजार में गुलाब के फूलों और स्पेशल गुलदस्तों की डिमांड बढ़ जाती है। 7 फरवरी से वेलेंटाइन-डे सप्ताह की शुरुआत हो रही है। पहला दिन रोज डे है, ऐसे में शहर की फूल दुकानों पर गुलाब के फूलों व स्पेशल बुके की एडवांस बुकिंग कराने युवा अभी से पहुंचने लगे हैं।

## प्यार का इजहार करने पश्चिम बंगाल का डज गुलाब पहली पसंद, चॉकलेट और टेडी की भी बढ़ी डिमांड

### वेलेंटाइन-डे के लिए फूल दुकानों पर गुलाब और स्पेशल बुके की एडवांस बुकिंग शुरू

**रायपुर।** राजधानी के फूल चौक स्थित फूल दुकान के संचालक प्रभाष वर्मा ने बताया कि वेलेंटाइन डे को लेकर युवा लाल गुलाब के फूल और स्पेशल हार्ट शेप वाले गुलदस्ते की एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। यह बुकिंग विशेष रूप में रोज डे के लिए कराई जा रही है। इसमें क्लासिक रेड रोज बुके लाल गुलाब का पारंपरिक गुलदस्ता प्यार के इजहार के लिए सबसे अधिक डिमांड में है। वहीं जिप्सी बेबीज ब्रेथ के साथ मिक्स लाल गुलाबों का गुलदस्ता, गुलाबी गुलाबों का गुलदस्ता, हार्ट शेप गुलदस्ता, दिल के आकार में सजे गुलाब, गुलाब के बंचेस की मांग हो रही है। फूल कारोबारी ने बताया कि फूल दुकानों पर वैलेंटाइन डे पर स्पेशल बुके 500 से 2000 रुपए तक की कीमत पर उपलब्ध हैं।

#### इन राज्यों से पहुंच रहे देशी-विदेशी गुलाब

फूल कारोबारियों ने बताया कि वेलेंटाइन-डे पर सबसे अधिक मांग पश्चिम बंगाल से पहुंचने वाले डच गुलाब की रहती है। ये गुलाब अपने आकर्षक, जीवंत रंग, बड़े आकार के फूलों, लंबे तनों और लंबे समय तक ताजगी के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र और बेंगलुरु से गुलाब की देशी-विदेशी किस्में पहुंच रही हैं। बाजार में प्रति नग गुलाब की कीमत 50 से 80 रुपए तक है। आमतौर पर सामान्य दिनों में इन गुलाबों की कीमत प्रति नग 20 से 30 रुपए तक होती है।



#### 10000 रुपए तक के गुलदस्ते मौजूद

500 से 700 फूल वाले गुलदस्तों की कीमत 10,000 रुपए से अधिक है। लाल गुलाब को प्यार की निशानी कहा जाता है। इसलिए इस खास दिन आम दिनों के मुकाबले गुलाब के फूलों की कीमत भी बढ़ जाती है। फूलों के दुकानदार ने बताया कि बाजार में कई तरह के गुलाब और फूल हैं, लेकिन सबसे अधिक मांग लाल गुलाब की है। गुलाब 30 रुपए से बढ़कर 80 और फिर 200 रुपए तक मिल जाता है। वहीं सामान्य रूप से ठीकठाक गुलदस्ता 800 रुपए में मिल रहा है।



#### 100 से 1500 रुपए तक की कीमत के गिफ्ट हैंपर्स

वहीं गिफ्ट हैंपर्स में चॉकलेट के साथ गुलाब, टेडी बियर और कॉफी के कॉम्बो की भी जबरदस्त मांग है। संतोषी नगर स्थित फैंसी स्टोर्स के संचालक आदर्श गुप्ता ने बताया कि सबसे अधिक मांग टेडी बियर की है। बाजार में 100 से लेकर 1500 रुपए तक के टेडी लोगों को पसंद आ रहे हैं।

#### लाल गुलाब की मांग ज्यादा

वेलेंटाइन डे पर सुर्ख लाल गुलाब के फूलों का विशेष महत्व है। इस बार भी वेलेंटाइन डे पर गुलाब की मांग में 10 से 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। मांग बढ़ने से इसके दाम भी अधिक हो गए हैं। मंगलवार को एक गुलाब की कीमत 30 से 50 रुपए के बीच थी, जो सामान्य दिनों में बमुश्किल 10 रुपए ही रहती है। यदि कोई गुलदस्ता भेंट करना चाहता है तो उसे मोटी कीमत चुकानी होगी।



#### चॉकलेट-डे के लिए स्पेशल रेंज

9 फरवरी चॉकलेट डे के लिए बेकरी शॉप पर चॉकलेट की स्पेशल रेंज लगाई गई है। संजय नगर रोड स्थित एक बेकरी शॉप के संचालक विवेक शर्मा ने बताया कि वेलेंटाइन डे को लेकर चॉकलेट की नई वेरायटी व स्पेशल स्टॉक शॉप पर उपलब्ध है। इनमें युवाओं के मनपसंद चॉकलेट्स और गिफ्ट्स हार्ट-शेप्ड और कस्टमाइज्ड चॉकलेट्स दिल के आकार के बक्से और प्यार के संदेश वाले चॉकलेट बॉक्स खास हैं। वहीं प्रीमियम और ऑर्गेनिक में डार्क चॉकलेट और वीगन चॉकलेट बार का युवाओं के बीच काफी क्रेज है।

**एजुकेशन अलर्ट**

## महिला सेना पुलिस भर्ती रैली 23 फरवरी को 33 जिलों की चयनित युवतियां होंगी शामिल

**रायपुर।** भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली 23 फरवरी 2026 को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी (मप्र) में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों की चयनित महिला अभ्यर्थी भाग लेंगी। महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के बीच ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल घोषित महिला उम्मीदवारों को ही भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य चयन प्रक्रियाओं में सम्मिलित किया जाएगा।




#### 24 फरवरी को होगी चिकित्सकीय जांच

भर्ती रैली के दौरान शारीरिक दक्षता एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला अभ्यर्थियों की चिकित्सकीय जांच 24 फरवरी 2026 को सेना अस्पताल, जबलपुर में कराई जाएगी। चिकित्सकीय रूप से पूर्णतः स्वस्थ पाए जाने पर ही अभ्यर्थियों का अंतिम चयन सुनिश्चित किया जाएगा। भर्ती रैली में भाग लेने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर जारी कर दिए गए हैं। साथ ही प्रवेश पत्र उम्मीदवारों के पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भी भेजे गए हैं। अभ्यर्थियों को रैली स्थल पर एडमिट कार्ड, सभी मूल शैक्षणिक व पहचान संबंधी दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन अनिवार्य रूप से साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## बच्चों को अच्छी शिक्षा और यूनिफॉर्म देने की पहल

**रायपुर।** शहर में बच्चों को अच्छी शिक्षा और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की पहल करते हुए मित्र मंडल द्वारा संचालित विनय विद्या मंदिर के 150 छात्र छात्राओं को दैनिक उपयोगी गणवेश, बेल्ट और जूते का निशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर मंडल के संस्थापक महेंद्र कोचर, पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने गणवेश वितरण का दायित्व निभाया। संस्थापक श्री कोचर ने बताया कि ज्ञानदान जीवन का सर्वोच्च दान है। शिक्षा जीवन निर्माण का आधार है। बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी यूनिफॉर्म मिले, यह प्रयास सभी को करना चाहिए। इस प्रयास से बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सकती है। मंडल पहल करते हुए बच्चों की मदद करते हुए सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहता है।



#### स्वावलंबी जीवन की राह आसान की

पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद के मार्गदर्शन में विगत 30 वर्षों से विनय विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इस अवसर पर प्रधान पाठिका लीला धनकर, शिक्षिका परमशिला सिंग, हेमलता यादव, शीतल प्रजापति एवं आशा यदु उपस्थित थीं। श्री बैद ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में 11 दिव्यांगों को जयपुर पैर का वितरण किया गया। लीनेस क्लब की जया सूर और मंजू सूर ने दो पैर कटी बहनों को बिना सहारे फिर चलने में मदद की। मंडल के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद श्रीश्रीमाल के सहयोग से 5 दिव्यांगों को जयपुर पैर प्रदान किए गए। गुप्त दानदाताओं के सहयोग से 4 भाई बहनों को पैर लगाकर उनके स्वावलंबी जीवन की राह आसान की गई।

## जेसीआई ने लगाई नेकी की पाठशाला युवा शक्ति

**रायपुर।** हर वर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी जेसीआई देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में युवाओं को राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देश के प्रति जिम्मेदारी, कर्तव्य और सेवा भाव को जागृत करना रहा। यह कार्यक्रम जेसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष जेसी संतोष रानू कुमार की अध्यक्षता में इंदिरा मार्केट एसोसिएशन, नवदृष्टि फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स महिला इकाई, कैट, कैट महिला विंग एवं वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ के साथ इंदिरा गांधी की प्रतिमा के समक्ष किया गया। अनिल बल्लेवार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर की भूमिका गुंजा पिंचा ने निभाई, जो कैट महिला विंग में सचिव के दायित्व का भी निर्वहन कर रही हैं। कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर के रूप में रोमित केसरवानी एवं डायरेक्टर-इन-चार्ज के रूप में कमलेश राजा ने अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। कार्यक्रम में शारदा गुप्ता, पवन बड़जात्या, मोहम्मद हिरानी, अशोक राठी, दिलीप मारोटी, राज अड़तिया एवं कुलवंत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 50 जरूरतमंद बच्चों को दी शैक्षणिक किट, समाजसेवियों का सम्मान भी

**रायपुर।** यूएचएफसी फाउंडेशन की ओर से एक भव्य चैरिटी कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और समाजसेवा में जुटे लोगों का उत्साहवर्धन करना था। इस आयोजन में संस्था द्वारा 50 जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक किट वितरित की गई, ताकि उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए। साथ ही समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्रभावशाली व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मंडावी और छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में राज्यपाल के उपसचिव डॉ. रूपेंद्र कवि, अरना फाउंडेशन की निदेशक रूना शर्मा अत्रि, सुरभि जनजागरण समिति के अजय भगत, जगदलपुर के वरिष्ठ पत्रकार मनीष गुप्ता और राष्ट्रपति पुरस्कृत शैलेंद्र ठाकुर सहित अन्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दी।




#### बच्चों के लिए निशुल्क कक्षाएं संचालित कर रही संस्था

*संस्था के संस्थापक सोनम श्रीवास्तव और महेंद्र सिंघानिया ने इस अवसर पर कहा कि वे बच्चों और महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर इसी तरह कार्य करते रहेंगे। सोनम श्रीवास्तव पिछले कई वर्षों से बच्चों के लिए निशुल्क कक्षाएं संचालित कर रही हैं, ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा पर सबका अधिकार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूएचएफसी की पूरी टीम, जिसमें सचिव शरद श्रीवास्तव, राखी यादव, कुसुम भोगल, ज्योत्सना, मोहित, किरण और अनामिका शामिल हैं, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

ੴ
भव्य शुभारंभ
Dedicated for your Health
BS MEMORIAL HOSPITAL
बी.एस. मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर के खिलाफ जंग अब और भी मजबूत होगी।
हमें बताते हुए गर्व है कि बी.एस. मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल अब अपनी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं और अटूट संकल्प के साथ आपकी सेवा में समर्पित है।
Opening Ceremony
रविवार, 1 फरवरी 2026
स्थान: लाल गंगा मिडास के समीप, मेन रोड, फाफाडीह, रायपुर (छत्तीसगढ़)
विनीत
स. कल्याण सिंह पसरीजा
डॉ. सन्नी सिंह पसरीजा
डॉ. यू. देवांगन
डॉ. नील सिंह पसरीजा
0771-4554555 | 9111100650



# एनुवल डे सेलिब्रेशन : रीमिक्स गीतों से स्टार लुक में बिखेरा जलवा, परफॉर्मेंस से किया भावविभोर

## राजधानी के स्कूलों और कॉलेजों ने एनुवल डे को यादगार बनाने प्रस्तुतियों की सजाई श्रृंखला, झूमे लोग

'हर साल की तरह इस एनुवल डे को यादगार बनाने 'मैक कार्निवल' का समता कॉलोनी स्थित कॉलेज कैंपस में स्टेज सजाया गया। जहां एनुवल डे सेलिब्रेशन को रीमिक्स गीतों समेत रॉक बैंड पर स्टार्स की तरह परफॉर्म करते हुए युवाओं के अलग-अलग ग्रुप ने जलवा बिखेरा। कुछ इसी तरह का सिलसिला शहीद स्मारक भवन, अग्रसेन कॉलेज, विमतारा भवन में चला। वार्षिकोत्सव को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक छटा बिखेरने के लिए प्रस्तुतियों की कई श्रृंखलाओं से दर्शक दीर्घा में मौजूद माता-पिता, गुरुजनों और अतिथियों को भी युवाओं ने भावविभोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में 20वें वार्षिकोत्सव को 'मैक कार्निवल''थीम से सजाया गया। इस बार वार्षिक उत्सव का आगाज युगांतर के नाम से किया गया। इसमें बतौर अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे उपस्थित थीं। कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी की उपस्थिति में गरिमामय आयोजन का आगाज शाम 7 बजे किया गया। मैक कॉर्निवल 'युगांतर' के अंतर्गत नृत्य के माध्यम से आदिमानव काल से एआई युग परिवर्तन की सुंदर झलकियां पेश की गईं। साथ ही मैक म्यूजिक द्वारा मधुर संगीत से सुरों का जादू बिखेरा।





### वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ नए अंदाज में पेश किया

कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने फैशन शो में नए रंग और नए थीम के साथ प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को एक अलग तरह का माहौल दिया।



सभी के लिए प्रभावशाली और यादगार अनुभव से सजे एनुवल डे में शामिल माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिकाओं और अतिथियों को भी प्रतिभागियों ने उत्सव के रंग से सराबोर किया। इस वर्ष भी मैक कॉलेज का वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ नए अंदाज में पेश किया। सभी छात्रों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था, इससे एक वर्ग आयोजन के हर लम्हे को कैमरे में कैद करता नजर आया। कॉलेज में पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### ब्राइड एंड ग्रूम कम्पीटिशन में दिखी भारतीयता की झलक





बसंतोत्सव की नई उमंग के साथ अग्रसेन कॉलेज वार्षिकोत्सव की श्रृंखला सजा रहा है। इस कड़ी में पुरानी बस्ती स्थित कॉलेज कैंपस में उमंग 2026 का आगाज हो चुका है। शनिवार को ब्राइड एंड ग्रूम कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी भारत के अलग-अलग राज्यों की झलक प्रस्तुत करने मंच पर आए। सभी ने किसी न किसी राज्य के दूल्हे और दुल्हन परिधान पहनकर प्रतियोगिता का हिस्सा बने। मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे मंचस्थ रही। छात्रों के उत्साह को देखते हुए कॉलेज की पहल को सराहा। विशिष्ट अतिथि पार्षद एवं जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल ने कहा कि दिन-प्रतिदिन नई-नई गतिविधियां कॉलेज में देखने को मिलती है, जो छात्रों के मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता को 4 राउंड में संचालित किया गया।



### रनरअप रही मसहब फातिमा और विनर वैष्णावी

इसमें 3 इंट्रोडक्शन राउंड, म्यूजिकल राउंड, परफॉर्मेंस राउंड और क्वेश्चन राउंड था। सभी ब्राइड और ग्रूम ने अपनी सूझबूझ से उत्तर दिए। कॉलेज के निर्देशक डॉ. वीके अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। दर्शकों को म्यूजिक राउंड में नए पुराने गानों पर झूमने का अवसर मिला। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसमें बॉयज में रनरअप प्रीतेश कुमार और विनर कुबेर सोनी रहे। वही गर्ल्स में रनरअप रही मसहब फातिमा और विनर वैष्णवी कटरे रही। वहीं प्राचार्य डॉ यूलेन्द्र राजपूत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रो. विकास शर्मा, प्रो. रुचि शर्मा, प्रो. अभिषेक अग्रवाल और प्रो. झरना अग्रवाल रही। निर्णायक निशांत अग्रवाल और वर्षा अग्रवाल रही।

### माता-पिता और अतिथि बच्चों की प्रस्तुति देख गदगद

शांति नगर स्थित विमतारा हाल में शनिवार को वंडर किड्स अकैडमी ने वार्षिकोत्सव "आशाएं" की श्रृंखला में गरिमामय आयोजन किया। इसकी शुरुआत से लेकर अंत तक हॉल में मौजूद माता-पिता, शिक्षक और अतिथि बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर गदगद हुए। मंच पर बच्चों की मुस्कान, आत्मविश्वास और खुलेपन ने माहौल को खास बनाया। जब छोटे-छोटे बच्चे माइक थामे मंच पर खड़े हुए, तो केवल परफॉर्मर ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ मंच पर आए। मदर एंड किड्स डांस के दौरान कई माताएं अपने बच्चों के साथ नृत्य करते हुए भावुक हुईं, वहीं फादर एंड किड्स डांस में पिता की खुशी और गर्व का ठिकाना नहीं था। देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। नेशनल एंथम के साथ बच्चों द्वारा वीर योद्धाओं की शक्ति, साहस और बलिदान पर आधारित पेट्रियोटिक परफॉर्मेंस प्रस्तुत किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हुए।





### बच्चों की शैक्षणिक यात्रा का भावनात्मक पड़ाव रहा

स्कूल की प्रिंसिपल पल्लवी मिश्रा के मार्गदर्शन में बच्चों को मंच दिया गया। जहां वे डर से मुक्त अपनी भावनाओं को व्यक्त करते और स्वयं पर विश्वास करते हुए प्रस्तुति का हिस्सा बने। बच्चों को एक्टिव किड अवॉर्ड, ओबेडिएंट किड अवॉर्ड और गुड अटेंडेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कन्वोकेशन डे भी मनाया गया, जो बच्चों की शैक्षणिक यात्रा का भावनात्मक पड़ाव रहा। डायरेक्टर जीवन्त तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी मिलिना कुर्रे का स्वागत किया। उपस्थित रहीं, वहीं विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार बरुण सखा जी ने शोभा बढ़ाई। अतिथियों में डॉ. अभिषेक मिश्रा, पद्मा शर्मा, और रूना शर्मा उपस्थित रही।



### स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने मचाई धूम

शहर के शहीद स्मारक भवन में श्री रामकृष्ण विद्यालय इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक शाला का वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह की धूम रही। स्कूल के 13वें वार्षिक उत्सव को गरिमामय शुरुआत सरस्वती माता की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया गया। वहीं पिछले वर्ष के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। प्रस्तुतियों में पंजाबी, छत्तीसगढी, मराठी, राजस्थानी, ओड़िया गीतों पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित देशभक्ति गीतों पर तिरंगा लहराया। छोटे-छोटे बच्चों ने प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र के गीतों पर डांस करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने संयुक्त परिवार पर आधारित प्रस्तुति देते हुए मोबाइल के दुष्प्रभाव बताए। मुख्य अतिथि र उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा, एमआईसी मेंबर दीपक जायसवाल और समाजसेवी प्रशांत पांडे ने आयोजन की सराहना की। शाला की अध्यक्षा तारादेवी तिवारी,प्राचार्या पुष्पा तिवारी, स्कूल इंचार्ज दीपक तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सालभर हुए खेलकूद व प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



## सिटी लाइव

### रंग महोत्सव के लिए सजेगा मंच पहचान बनेगा राष्ट्रीय उत्सव



**रायपुर।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव का रायपुर संस्करण 3 से 8 फरवरी तक होने जा रहा है। यह आयोजन जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जाएगा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के 20वें भारत रंग महोत्सव और छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारतीय रंगमंच के गौरव का एहसास भी कलाकारों को मिलने वाला है। यह महोत्सव रायपुर में पहली बार किया जा रहा है। इसका संयोजन प्रसिद्ध लोकगायिका एवं रंगकर्मी गरिमा दिवाकर द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी उन्होंने शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए बताया कि प्रतिदिन शाम को साढ़े 6 बजे से आयोजन का सिलसिला शुरू होगा। हर दिन एक अलग प्रस्तुति के साथ उससे जुड़े सभी पहलू पर चर्चा की जाएगी।

#### हर वर्ग के कलाकारों को मिलेगा नया अनुभव

इस छह दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ सीएम विष्णुदेव साय और संस्कृति मंत्री की मौजूदगी में किया जाएगा। नाट्य प्रस्तुतियों के साथ-साथ चर्चा, परिचर्चा, गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर राजकमल नायक, संजय उपाध्याय, जयंत देशमुख, अशोक मिश्रा, योगेंद्र चौबे सहित देश के वरिष्ठ रंगकर्मी अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही युवा कलाकारों को नई तकनीक के साथ ही पुराने दौर से जुड़ी यादों से भी जोड़ने की पहल करेंगे। इसका लाभ हर वर्ग के कलाकारों और रंगकर्मियों को मिले, इसलिए प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

## इवेंट लाइव

### अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आज होगी दिव्य सत्संग सभा




रायपुर। चारों वेद, रामायण, गीता, उपनिषद, आगम, पुराण जैसे धर्मग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त करने वाले धर्म एवं अध्यात्म योगी सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव का आगमन गुरुवार को हुआ है। गुरुदेव का दिव्य आशीर्वाद एवं आशीर्वचन का आयोजन रविवार की शाम 04 बजे से अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया है, जहां भक्त जनों को गुरुदेव द्वारा अभिमंत्रित रूद्राक्ष और कलावा प्रदान किया जाएगा। सभी आगंतुक दर्शनार्थियों का प्रवेश निःशुल्क है। कार्यक्रम स्थल पर सभी के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था आयोजन संस्था विश्व धर्म चेतना मंच द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को पत्रकार वार्ता में रमेश सिंघानिया, मारुति शर्मा और मोहित सरावगी ने दी।

#### राज्य अतिथि के रूप में विशिष्ट सत्कार दिया

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता पूर्व राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। महापौर मीनल चौबे इस आयोजन में शामिल होंगी। आयोजकों ने बताया कि गुरुदेव अपनी लम्बी भूगर्भ साधना पूर्ण करके छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इसके उपलक्ष्य में आयोजक मंडल द्वारा सिद्धि शक्ति का महाआशीर्वाद का आयोजन किया जा रहा है। सिद्धगुरुवर' की इस विरल तपस्या का फल कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों को प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के इस पावन आगमन पर उन्हें राज्य अतिथि के रूप में विशिष्ट सत्कार दिया है।

## समाज लाइव

### बौद्धिक प्रतिभा निखारने विप्र प्रतियोगिता में भी बाजी मारी



**रायपुर।** आशीर्वाद भवन में विप्र ब्राह्मण शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने इसमें प्रदेशभर से आए 84 प्रतिभागियों को अवसर दिया। शुक्रवार शाम को पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें समाज के बच्चों ने बौद्धिक प्रतिभा दिखाते हुए पुरस्कार जीते। साथ ही 10 वर्गों में महिलाओ और पुरुषों ने ईनाम जीतते हुए दावेदारी पेश की। इसमें प्रथम विजेता को 2100 रुपए, उपविजेता को 1100 और तीसरा स्थान अर्जित करने वाले को 500 रुपए नगद ईनाम ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा दिया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुधाकर पांडेय एडिशनल कलेक्टर सेंट्रल टैक्स, विशिष्ट अतिथि अवधेश त्रिवेदी, सीनियर कमर्शियल प्रबंधक रेलमंडल रहे।

#### हर वर्ष होते रहने चाहिए ऐसे आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विवेक त्रिपाठी डायरेक्टर इंदिरा गांधी कृषि विद्यालय ने की। सभी ने बच्चों की अद्भुत प्रतिभा को सराहा और आशीर्वाद दिया। समाज के संरक्षक वीरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन हर वर्ष होते रहने चाहिए। इससे बच्चों का बौद्धिक विकास होगा, समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने सभी विजेता बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए भी समाज हरसंभव प्रयास करता रहेगा। सचिव राजकुमार दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। शतरंज प्रतियोगिता के संयोजक सतीशचंद्र मिश्रा ने मंच संचालन किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संजय अवस्थी, नीता अवस्थी, प्रमोद पाण्डेय, रमाशंकर पाण्डेय ने सहभागिता निभाई।

## महादेवघाट में दिनभर रहेगा उत्सव का माहौल, भक्त अरघा के माध्यम से दिनभर कर सकेंगे महादेव का जलाभिषेक

# माघी पूर्णिमा पर विष्णु उपासक खारुन में आज लगाएंगे डुबकी, हाटकेश्वर नाथ का मंशा देवी स्वरूप में श्रृंगार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इस वर्ष माघी पूर्णिमा एक फरवरी को रवि पुष्य, सर्वार्थ सिद्धि और मकर राशि में चतुर्ग्रही योग में मिल रहा है। साथ ही सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र का अद्भुत संगम बन रहा है। माघी पूर्णिमा पर स्नान, दान और विष्णु-लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि बढ़ती है।ज्योतिषी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि उपरोक्त संयोग में स्वयं विष्णु गंगाजल में विराजमान होते हैं, इसलिए नदियों में स्नान करने की पौराणिक मान्यता है। इससे पहले महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ के श्रीधाम में महादेव को मंशा देवी स्वरूप देने फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर शनिवार को घुमने के लिए पहुंचे लोगों ने हाटकेश्वर नाथ का देवी स्वरूप में दर्शन किया। रविवार को सुबह से आस्था की डूबकी लगाने वालों की आवाजाही रहेगी। महंत सुरेश गिरी ने बताया कि तिथिगत महत्ता के साथ भक्त परिवारों को अभिषेक करने का अवसर मिलेगा।



### नदी नहीं जा सकते तो गंगाजल का करें उपयोग

संस्कृत भाषा के प्रचारक धर्मशास्त्री पं. चंद्रभूषण ने बताया कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का प्रावधान है। किसी कारण से नदी नही जा सकते तो घर में ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहाएं। इस दिन तिल, गुड़, कंबल और कपड़ों का दान विशेष फलदायी है। भगवान विष्णु का दक्षिणावर्ती शंख से अभिषेक करें, इससे दरिद्रता दूर होती है। शाम को चंद्रोदय के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें, इससे मानसिक शांति और स्वास्थ्य लाभ का पुण्य मिलता है। पीपल के पेड़ में दूध-गुड़ मिश्रित जल अर्पित करने और नदी स्थल पर शिव की पूजा करने से पितृदोष की शांति होती है। रविवार को पूर्णिमा और शुक्र ग्रह का उदय होने से यह दिन शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ है।

### तिथि और समय खास, सूर्योदय से पहले स्नान

*ज्योतिषी ने बताया कि तिथि और समय के लिहाज से सूर्योदय से पहले स्नान यानि ब्रह्म मुहूर्त में 05:24 से 06:17 बजे तक उत्तम है। इसके बाद भी स्नान का पूण्य प्रभाव उपासकों को मिलेगा। इस साल पूर्णिमा तिथि 2 फरवरी की सुबह तक प्रभावी रहेगी। सर्वार्थ सिद्धि व रवि पुष्य काल में यह दोनों योग खरीदारी और नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ माने जाते हैं। इसके साथ ही उपासकों को सौभाग्य योग और शोभन योग भी मिल रहा हैं। इस अवसर को देखते हुए महादेवघाट में हाटकेश्वर नाथ को किए जाने वाले अभिषेक को पहुंचाने के लिए अरघा लगाया गया है। इसके माध्यम से लोग आराध्य देव को माघी पूर्णिमा स्नान के बाद जलाभिषेक कर सकेंगे।*



सिटी स्पोर्ट्स

## रामा एफसी, ब्रह्मविद ब्लू और एलीट रेड की शानदार जीत



**रायपुर।** काइडोस जूनियर प्रो लीग (अंडर-15) में शनिवार को ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में आठ टीमों के बीच चार मैच खेले गए। शनिवार का दिन शानदार जीत, खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन और एक कड़े मुकाबले वाले गोल रहित ड्रॉ के नाम रहा। पहले मैच में, रामा एफसी ने एमर्स एफसी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-0 से पक्की जीत हासिल की। श्रेयंश ने दूसरे और छठे मिनट में दो गोल करके रामा एफसी को शुरू में ही बढ़त दिला दी। पुलकित ने 27वें मिनट में तीसरा गोल किया, जबकि रुद्राक्ष ने 37वें मिनट में शानदार फिनिश के साथ जीत पक्की कर दी।

दूसरे मैच में ब्रह्मविद ब्लू ने यूनाइटेड रायपुर को 9-0 से करारी शिकस्त दी। मैच का मुख्य आकर्षण वैभव का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने पांच गोल किए और उन्हें सही मायनों में मैन ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने अपनी बेहतरीन अटैकिंग क्षमता का प्रदर्शन किया। तीसरे मुकाबले में, एलीट रेड ने एलीट ब्लू के खिलाफ इंट्रा-क्लब मुकाबले में 7-1 से जीत दर्ज की। एलीट रेड ने बेहतर टीम वर्क और फिनिशिंग का प्रदर्शन किया, जिससे एलीट ब्लू लगातार हमलों को रोकने में संघर्ष करती रही। दिन का आखिरी मैच ब्रह्मविद रेड और रियल रायपुर के बीच 0-0 से ड्रॉ रहा, दोनों टीमों ने अनुशासित डिफेंस और जुझारूपन दिखाया, जिससे एक-दूसरे को गोल करने का कोई मौका नहीं मिला। काइडोस जूनियर प्रो लीग एक वीकेंड टूर्नामेंट है जो हर शनिवार और रविवार को खेला जाता है, जिसकी शुरुआत रविवार, 18 जनवरी को हुई थी। इसमें आठ बेहतरीन टीमें लीग फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, हर मैच पॉइंट्स टेबल को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ हर मैच महत्वपूर्ण हो जाता है।

## सी के नायुडु ट्रॉफी में हर्ष और शोभित की शानदार पारी



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टूबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (30 जनवरी- 02 फरवरी) चंडीगढ में चंडीगढ अंडर- 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 101.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 417 रन बनाये । चंडीगढ की ओर से दुष्यंत ने 116 रन बनाये, कप्तान आरुष भंडारी ने 105 रनों का योगदान दिया तथा अधिराज ने 102 रन बनाये। छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम की ओर से वासुदेव बरेठ, प्रशांत सांई पैंकरा तथा दीपक यादव ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 71 ओवरों में 3 विकेट खोकर 320 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से शोभित शर्मा ने 97 रन तथा हर्ष साहु ने 88 रन बनाये। दिन के अंत तक साहिल रजत शरीफ ने 48 रन बनाए तथा राहुल प्रधान 37 रन पर नाबाद रहे। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 97 रनों से पीछे है।

## अनुज के नाबाद 47 रन



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच (29 जनवरी- 01 फरवरी) हैदराबाद में हैदराबाद टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 72.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 283 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की शुरूवात अच्छी नहीं रही, केवल 58 रनों के स्कोर पर 5 विकेट खोने के बाद मध्यम क्रम के बल्लेबाजों ने पारी को सम्भाला। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतीक यादव ने शानदार शतक लगाते हुये 106 रनो की पारी खेली। उनके अतिरिक्त विकल्प तिवारी ने 94 महत्वपूर्ण रनों का योगदान दिया। हैदराबाद की ओर से मो. सिराज ने छत्तीसगढ़ के 4 महत्वपूर्ण बल्लेबाजो को पवेलियन भेजा। हैदराबाद ने अपनी पहली पारी में 154 ओवरों में 10 विकेट खोकर 631 रन बनाये है। हैदराबाद की ओर से हिमातेजा ने 171 रन, प्रग्नय रेड्डी ने 126 रन तथा अभिरथ रेडडी ने 121 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से आदित्य सरवटे, देव आदित्य सिंह, शाहबान खान तथा आयुष पांडे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 39 ओवरो में 2 विकेट खोकर 100 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने नाबाद 47 रन तथा अमनदीप खरे ने नाबाद 25 रन बनाये।

### जानिए ओसीडी से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

# युवाओं में तेजी से बढ़ रही है मानसिक स्वास्थ्य की समस्या, बदलती जीवन शैली का हो रहा सीधा असर

मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याओं में ओसीडी की दिक्कत काफी सामान्य होती जा रही है। व्यवहार में विकार से संबंधित यह बीमारी किसी को भी हो सकती है। ओसीडी यानी कि ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर, इसमें व्यक्ति को अक्सर कुछ बातों को लेकर चिंता बनी रहती है। वह न चाहते हुए भी एक ही काम को बार-बार दोहराते रहते हैं। इस तरह की आदतों के चलते कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।ओसीडी के लक्षण ज्यादातर स्थितियों में हल्के होते हैं पर कुछ लोगों में यह व्यवहार में गंभीर समस्याओं का भी कारण बन सकती है। बिहेवियर पर कंट्रोल न होने के कारण सामाजिक और मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ओसीडी की स्थिति वैसे तो ज्यादा गंभीर नहीं होती है, हालांकि अक्सर लोगों को इसके बारे में सही जानकारी नहीं होती है जिसके कारण यह समस्या बढ़ जरूर सकती है। इसको लेकर हमारे समाज में कई तरह के मिथ्स हैं जिनको ज्यादातर लोग सच मानते आ रहे हैं। आइए ओसीडी की समस्या और इससे जुड़े कुछ मिथ्स और फैक्ट्स के बारे में जानते है।



### ओसीडी के बारे में जानिए

ओसीडी, जैसा कि ऊपर बताया गया कि यह व्यवहार से संबंधित समस्या है, इसमें लोगों को कुछ विशेष प्रकार का डर होता है जिसे ठीक करने के लिए वो बाध्यकारी रूप से बार-बार प्रयास करते रहते हैं। सफाई होने के बाद भी गंदगी नजर आते रहना।



किसी प्रकार की अनिश्चितता को लेकर परेशान रहना। नियंत्रण खोने की समस्या जिसमें खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाने के विचार आते हैं। आइए ओसीडी के बारे में कुछ मिथ्स के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर ज्यादातर लोग सच मानते आ रहे हैं।

**मिथ-** ओसीडी को ठीक नहीं किया जा सकता है।

**फैक्ट-** ओसीडी की समय पर पहचान कर उचित उपचार और थेरेपी के माध्यम से इसे ठीक किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग ओसीडी का इलाज नहीं कराते क्योंकि उनके मन में शर्म और झिझक की भावना होती है। पर अगर समय रहते स्थिति का निदान और इलाज करा लिया जाए तो इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।

**मिथ-**ओसीडी सिर्फ बुजुर्गों को ही होती है

**फैक्ट-** ओसीडी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। 15 साल से कम आयु के बच्चों और 60 साल की आयु के बुजुर्ग को भी यह समस्या हो सकती है। इसके कई कारक हैं जिनपर ध्यान देना बहुत आवश्यक है। तनाव के शिकार लोगों में ओसीडी के लक्षण ट्रिगर हो सकते हैं। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो इसके कारण अवसाद जैसी समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

**मिथ-** ओसीडी के शिकार लोग जीवन के सामान्य कामकाज नहीं कर सकते।

**फैक्ट-** ओसीडी की समस्या में भी आप सामान्य जीवन जी सकते हैं, डॉक्टर कहते हैं- ज्यादातर लोगों को पता भी नहीं होता है कि उन्हें ओसीडी है और वे सामान्य जीवन जीते हैं। हां अगर लक्षण बिगड़ रहे हैं और इसके कारण व्यवहार में अप्रत्याशित रूप से बदलाव देखा जा रहा है तो इस बारे में समय रहते विशेषज्ञ से मिलकर इलाज की प्रक्रिया जरूर शुरू कर लेनी चाहिए।



## बेडरूम में इन स्थानों पर रखें मोर के पंख, रिश्ते में आएगी मिठास



घर के कुछ विशेष स्थानों पर यदि आप वास्तु नियमों के अनुसार चीजों का निर्धारण करते हैं तो जीवन में सदैव खुशहाली बनी रहती है और किसी भी दोष से मुक्ति मिलती है।

हम सभी अपने घरों को अलग-अलग खूबसूरत चीजों से सजाते हैं। घर की हर चीज को यदि वास्तु के अनुसार रखा जाता है या फिर सजावटी सामानों को भी वास्तु नियमों के अनुसार रखा जाता है तो घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। घर में पौधे रखना हो, दीवारों को विभिन्न रंगों से सजाना हो या फिर किसी भी कमरे की सजावट हो, यदि वास्तु को ध्यान में रखकर चीजों का निर्धारण होता है तो ये घर के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक तरीका माना जाता है। ऐसे ही यदि आप घर के बेडरूम में कुछ चीजें रखती हैं तो इससे पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। इन्हीं चीजों में से एक है मोरपंख। ऐसी मान्यता है कि यदि बेडरूम में मोरपंख कुछ विशेष स्थानों पर रखा जाता है तो इससे आपसी झगड़ों से राहत मिलती है और प्रेम बढ़ता है। आइए वास्तु विशेषज्ञ मधु कोटिया जी से जानें बेडरूम में मोरपंख रखने के फायदे और सही जगह के बारे में।

### घर में मोर पंख रखने के फायदे

यदि आप अपने घर के कुछ विशेष स्थानों पर मोर पंख (किताब में मोरपंख रखने से क्या होता है) रखते हैं तो इसके कई लाभ आपको मिल सकते हैं। घर में मोर पंख रखने से सकारात्मकता बनी रहती है और यह आपके घर में खुशियां और सौभाग्य लाने में मदद करता है। घर के मंदिर में मोर पंख रखने से आपके घर में कभी धन धान्य की कमी नहीं होती है और ईश्वर की कृपा हमेशा बनी रहती है। मोर को भगवान कार्तिकेय के वाहन के रूप में पूजा जाता है। कार्तिकेय को हमेशा से ही विजय के देवता के रूप में देखा जाता है और यदि आप मोर का पंख घर में रखते हैं तो इससे आपको शत्रुओं से विजय प्राप्त करने में मदद मिलती है। वास्तु में कहा जाता है कि यदि किसी को व्यापार में लाभ न मिल रहा हो तो उसे अपने कैश बॉक्स में सात पंख रखने चाहिए। इसके अलावा, घर में दक्षिण कोने में पंख रखने से किसी भी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का वास नहीं रहता है।

### बेडरूम में मोर पंख रखने के लाभ

वास्तु के अनुसार मोर पंख में प्राकृतिक रोगाणुरोधी एजेंट मौजूद होते हैं जो आपके शयनकक्ष के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। मोरपंख शयनकक्ष में एक शांत और आरामदायक माहौल बनाते हैं। इनका उपयोग तनाव को कम करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए किया जाता है। ये बेडरूम में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और कल्याण की भावना देने के लिए एक आवश्यक सामग्री के रूप में जाने जाते हैं। मोर पंख नकारात्मक ऊर्जा को अवशोषित करने में मदद करते हैं और एक सकारात्मक वातावरण प्रदान करते हैं।



## प्रदेश के तीरंदाजों ने लगाया निशाना

**रायपुर।** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव में शनिवार को एक दिवसीय ओपन सिटी एनटीपीसी खेलो इंडिया तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 जिलों से लगभग 250 तीरंदाज, कोच एवं मैनेजर शामिल हुए, जिससे आयोजन को व्यापक और प्रतिस्पर्धात्मक स्वरूप मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का संदेश दिया गया। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने कौशल, एकाग्रता और तकनीकी दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के प्रतिनिधि मुरारका ने बताया कि प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का संचालन तय समय-सारणी के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से किया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शाम 5 बजे आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के एमडी आदित्य अग्रवाल , बास्केटबॉल इंचार्ज एवं अंतरराष्ट्रीय कोच राजेश्वर राव, वॉलीबॉल इंचार्ज कोच त्रिपाठी, स्कूल की प्राचार्य रेखा तिवारी, विकास जोशी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इसके साथ ही राजनांदगांव के ऑफिशियल्स राहुल, भूपेंद्र, अजेंद्र, खोमेन्द्र, पवित्र, अंजली, कपिल, कुशल, दुर्गेश, नंदनी एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को मंच, युवाओं को प्रोत्साहन और तीरंदाजी खेल के विकास को नई दिशा मिलती है।



## बाएं हाथ से काम करने वालों की पर्सनालिटी होती है जुदा

हम सभी का व्यक्तित्व एक दूसरे से अलग होता है, जिसकी वजह से हमारी पहचान भी अलग होती है। किसी की पर्सनैलिटी में छिपी खूबियों और खामियों का पता लगा पाना कठिन होता है।

आपने शायद बाएं हाथ के काम करने वालों के बारे में इतनी गहराई से कभी नहीं सोचा होगा, लेकिन यह बात सच है कि दुनिया की कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत हिस्सा इन लोगों का है। हम शायद इनके बारे में तब तक नहीं सोच पाते हैं जब तक अपने बगल में बैठे किसी मित्र को बाएं हाथ से खाना खाते हुए, बाएं हाथ से लिखते हुए या फिर बाएं हाथ से क्रिकेट का बल्ला पकड़े हुए नहीं देखते।

दरअसल अक्सर हमारे आस-पास कोई न कोई ऐसा व्यक्ति दिख ही जाता है जो अपने कामों को करने के लिए बाएं हाथ का इस्तेमाल करता है। लेकिन आप में से कितने लोगों ने कभी इस बात का पता लगाने की कोशिश की है कि आखिर इन लोगों की खासियत क्या है?

आखिए ऐसे लोगों का स्वभाव कैसा होता है और ऐसे लोगों को पर्सनैलिटी आम लोगों से अलग क्यों है? अगर आप भी उनमें से हैं जो बाएं हाथ से काम करते हैं तो यहां ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से अपनी पर्सनैलिटी के बारे में विस्तार से जरूर जानें।

### बाएं हाथ से काम करने वाले चुनौतियों का आसानी से करते हैं सामना

अक्सर देखा जाता है कि जो लोग अपने काम बाएं हाथ से करते हैं यानी लेफ्टी लोग अक्सर चुनौतियों का सामना आसानी से करते हैं। ऐसे लोग किसी भी परेशानी से घबराते नहीं हैं और समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में ज्यादा समय नहीं लगाते हैं। उनमें उच्च स्तर का धैर्य और किसी भी समस्या को हल करने की इच्छाशक्ति होती है। बाएं हाथ से काम करने वाले लोग छोटी उम्र से ही समाधान निकालना और



अपने लाभ के लिए परिस्थितियों को अपने अनुरूप ढालने का काम कर लेते हैं।

### बाएं हाथ से काम करने वाले लोग रचनात्मक और सहज होते हैं

बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दाहिने हाथ से काम करने वालों की तुलना में ज्यादा रचनात्मक और सहज होते हैं। ये लोग किसी भी काम को अंजाम देने से घबराते नहीं हैं। उनमें उच्च स्तर की कल्पना शक्ति होती है। बाएं हाथ के लोग अधिक विश्लेषणात्मक, रचनात्मक और मौखिक होते हैं और हर स्थान पर बेहतर भाषा कौशल का प्रदर्शन करते हैं। बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों में लीडरशिप क्वालिटी होती है बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों में नेतृत्व क्षमता बहुत अच्छी होती है। आमतौर पर बाएं हाथ से काम करने वाले लोग अच्छे कलाकार, निर्माता और खिलाड़ी बन सकते हैं। ये लोग किसी भी समस्या या स्थिति को अधिक सहजता से देखते हैं।बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों की सोच दूसरों से भिन्न होती है, जिसका अर्थ है कि वे किसी समस्या को अलग दृष्टि से देखते हैं और एक तार्किक समाधान के साथ समस्या का सामना करने के साथ समाधान की कई संभावनाएं भी बनाते हैं।













## खबर संक्षेप

### बावली वाले हनुमान मंदिर में हवन पूजन आज

**रायपुर।** अति प्राचीन संकटमोचन हनुमान मंदिर बावली वाले पुरानी बस्ती में 31 जनवरी को प्रतिवर्षानुसार संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। 1 फरवरी को हवन-पूजन के बाद इसका समापन किया जाएगा। पाठ की समाप्ति पर हवन, पूर्णाहुति और विशेष आरती की जाती है। यह जानकारी मंदिर के पुजारी पं. मोहन पाठक ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।



### अपेक्स बैंक के संवर्ग अधिकारी अविनाश सेवानिवृत्त, दी विदाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के संवर्ग अधिकारी विशेष श्रेणी अविनाश श्रीवास्तव शनिवार को 62 वर्ष पूर्ण होने पर बैंक सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। अपेक्स बैंक मुख्यालय नवा रायपुर में अविनाश श्रीवास्तव को एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। श्री श्रीवास्तव के विदाई कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता की विशिष्ट उपस्थिति रही। विदाई कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक व अपर आयुक्त सहकारिता केएन कांडे, पूर्व अपर आयुक्त सहकारिता हितेश दोशी, पूर्व संयुक्त पंजीयक पीएस सर्पराज, संयुक्त पंजीयक यूबीएस राठिया, संयुक्त पंजीयक डीपी टावरी, संयुक्त पंजीयक व मार्कफेड सचिव भूपेंद्र ठाकुर, ओएसडी सहकारिता व उप पंजीयक एनआरके चंद्रवंशी, अपेक्स बैंक महाप्रबंधक व उप पंजीयक युगल किशोर, श्रीकांत चंद्राकर, सुधीर सोनी एवं बड़ी संख्या में सहकारिता विभाग व अपेक्स बैंक के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### महतारी वंदन योजना : महिला सशक्तिकरण की मिसाल महिलाओं को मिली नई दिशा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रतिष्ठित 'महतारी वंदन योजना' को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एव उत्कल महिला महामंच प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने इस योजना को प्रदेश की महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी एवं सशक्त पहल बताया। उन्होंने आगे कहा कि महतारी वंदन योजना ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं को एक नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री की गारंटी के तहत 1 मार्च 2024 को शुरू की गई यह योजना विवाहित महिलाओं के जीवन में गरिमा और आत्मविश्वास का संचार कर रही है। प्रतिमाह 1000 रुपए की यह आर्थिक सहायता उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### आध्यात्मिक विकास के बिना जीवन में शांति नहीं मिलेगी : पं. शास्त्री



**रायपुर।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के तत्वावधान में विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा में प्रसिद्ध कथाकार वृंदावनवासी पं. अखिलेश शास्त्री ने कहा कि रासलीला केवल रासलीला नहीं, यह जीव और ईश्वर के मिलन की लीला है। जीव और परमात्मा कैसे मिलते हैं, उसकी कथा का नाम ही रासलीला है। भगवान की मधुर लीला का नाम रासपचध्यायी है। उन्होंने आगे कहा कि हमने जीवन में भौतिक विकास किया है, लेकिन जब तक आध्यात्मिक विकास नहीं होगा, तब तक जीवन में शांति नहीं मिलेगी। जीवन की आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान है, लेकिन जीवन का लक्ष्य ईश्वर-दर्शन है। यह सत्संग से होता है। सत्संग सहज रूप से आपके मन को ऊंचा उठा देता है। आप जप-ध्यान अल्प समय करते हैं, किंतु सत्संग घंटों कर सकते हैं और ईश्वर में अपना मन लगाकर रख सकते हैं। ईश्वर में अनुराग संतों के सान्निध्य में रहकर उनका प्रेम पाकर होता है। इससे ईश्वरीय प्रेम का अनुमान होता है।

# थम नहीं रहा मिल्क पावडर वाले पनीर का कारोबार, जांच के बाद 10 केस न्यायालय में लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले साल की लगातार कार्रवाई के बाद भी मिल्क पावडर से पनीर बनाने का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पिछले साल करीब 9700 किलो एनालॉग पनीर बरामद कर दस प्रकरण न्यायालय में पेश किए थे। फैसला लंबित होने की वजह से पनीर बनाने वाले बेखटके अपना कारोबार कर रहे हैं। पिछले साल बनाए गए दस प्रकरण अमानक मामले के थे यानी इनके निर्माण के लिए तय मापदंड और उसमें पाए जाने वाले खाद्य पदार्थ की मात्रा कम अथवा ज्यादा होना था। बरामद किए गए एनालॉग पनीर की अमानक रिपोर्ट आने के बाद उसे नष्ट कर दिया गया और मामला न्यायालय में पेश कर दिया गया। फरवरी में पुनः शादी-ब्याह में एनालॉग पनीर खपाए जाने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि भले ही विभाग सेहत के लिए खराब होने के नाम पर एनालॉग पनीर पर कार्रवाई कर रहा है, मगर इसके निर्माण की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा लाइसेंस के रूप में दी जा रही है। एफडीए इस वजह से फैक्ट्री के संचालन पर रोक नहीं लगा पा रहा है, मगर फैक्ट्री की लगातार जांच कर निर्माण के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही खोजकर कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। राज्य में एनालॉग पनीर की वैसे तो पंजीकृत तौर पर करीब 15 फैक्ट्री हैं, मगर छिटपुट तरीके और ग्रामीण इलाकों में इसका निर्माण दर्जनों स्थानों पर किया जाता है।

**शादी-ब्याह का सीजन, भारी मात्रा में फिर खपाए जाने की आशंका**

#### गरमा चुका मुद्दा

एनालॉग पनीर के निर्माण की अनुमति और दूसरी ओर विभागीय टीम द्वारा जांच के नाम पर की जाने वाली कार्रवाई का मुद्दा भी अक्सर गर्माता है। विभागीय अफसरों का कहना है कि केंद्रीय स्तर पर इस पर समीक्षा किया जाना है, क्योंकि दूध पावडर से बनने वाले पनीर का ज्यादा उपयोग सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। वहीं एनालॉग पनीर के निर्माण से जुड़े कारोबारियों का कहना है या तो नियम के पालन के साथ व्यापार करने की छूट देनी चाहिए अथवा इसका निर्माण पूरी तरह बंद करा देना चाहिए।



#### जनवरी के पहले सप्ताह में भी कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जनवरी के पहले सप्ताह में भाठागांव की डेयरी में कार्रवाई करते हुए 1700 किलो पनीर जब्त किया था। वहां अस्वस्थ कर परिस्थितियों में पनीर का निर्माण किया जा रहा था। गंदगी वाली स्थिति में तैयार किए गए लूज पनीर जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। रिपोर्ट सामने आने के बाद निर्माण में तय मानकों का पालन नहीं किए जाने का मामला बनाकर पनीर को नष्ट करा दिया गया। वहीं कारोबारी के खिलाफ प्रकरण बनाकर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के एग्रोक्लाइमेट के अनुरूप बनाएंगे विशेष नीति

# शिवराज सिंह ने कहा- किसानों को लाभ पहुंचाने बनाएंगे विशेष नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, छत्तीसगढ़ को कृषि के क्षेत्र में उन्नत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने छत्तीसगढ़ में कृषि विकास एवं किसानों के सशक्तिकरण को लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा, विविध फसलों के लिए छत्तीसगढ़ में उपयुक्त जलवायु क्षेत्र है। उन्होंने फसल विविधिकरण पर जोर देते हुए यहां की जलवायु के अनुरूप अलग-अलग जिलों व क्षेत्रों में अलग-अलग फसलों को बढ़ावा देने की बात कही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मंत्रालय में कृषि विभाग के कामकाज की उच्च स्तरीय समीक्षा के बाद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, प्रदेश में फसल विविधिकरण को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों की आय बढ़े। साथ ही छोटी जोत के किसानों को कृषि से इतर पशुपालन, मत्स्यपालन, वानिकी जैसे सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों और राज्य सरकार के अधिकारियों की टीम अगले एक हफ्ते में छत्तीसगढ़ के एग्रोक्लाइमेट के अनुरूप विशेष नीति बनाएंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त व सचिव शहला निगार, सहित केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रदेश में रिसर्च और वैरायटी की समस्या को दूर किया जाएगा, फसलों के वैविध्य पर काम किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में बेहतर समन्वय के साथ काम हो रहा है, और बेहतर करने की अनंत संभावनाएं हैं।

- केन्द्रीय कृषि मंत्री ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा



#### छत्तीसगढ़ में हो रहा बेहतर कार्य

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों के आय को बढ़ाने की दिशा में निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे है। आधुनिक कृषि उपकरणों एवं कृषि तकनीकों को अपनाकर नवाचार के साथ खेती करने से फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी, किसान सशक्त होंगे और देश समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बेहतर कार्य हो रहा है ।

#### केंद्र से मिल रही उम्मीद से अधिक मदद

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ को उम्मीद से अधिक मदद केन्द्र सरकार से मिल रही है। उन्होंने कहा, बैठक में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राज्य में ग्रामीण विकास एवं कृषि के क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए मिले दिशा-निर्देश से इन क्षेत्रों के विकास को गति मिलेगी।

# राजिम मेला जाने 1 से 15 फरवरी तक चलेगी 2 स्पेशल मेमू ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजिम में रविवार से शुरू हो रहे मेले को लेकर रेलवे ने बड़ी राहत दी है। 1 फरवरी से 15 फरवरी तक 02 राजिम कुंभ मेला मेमू स्पेशल ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। गाड़ी संख्या 08755 /08756 रायपुर- राजिम- रायपुर मेमू कुंभ मेला स्पेशल की समय सारणी गाड़ी संख्या 08755 रायपुर - राजिम मेमू पैसेंजर रायपुर स्टेशन से 11.55 बजे रवाना होकर 12.15 बजे मंदिर हसौद, 12.24 बजे सी.बी.डी (पीएच), 12.34 बजे केंद्री, 12.49 बजे अभनपुर , 12.57 बजे मानिक चौरी , 13.20 बजे राजिम पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 08756 राजिम - रायपुर मेमू कुंभ मेला स्पेशल राजिम रेलवे स्टेशन से 14.00 बजे रवाना होकर, 14.07 बजे मानिक चौरी , 14.14 बजे अभनपुर, 14.22 बजे केंद्री, 14.31 बजे सी.बी.डी (पीएच) , 14.43 बजे मंदिर हसौद, 15:30 बजे रायपुर पहुंचेगी।

- ट्रेन का मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री, अभनपुर मानिकचोरी, राजिम रहेगा ठहराव



#### इस समय मिलेगी ट्रेन

गाड़ी संख्या 08757 रायपुर - राजिम मेमू पैसेंजर रायपुर स्टेशन से 14.30 बजे रवाना हो कर 14.48 बजे मंदिर हसौद, 14.49 बजे सी.बी.डी (पीएच), 15.09 बजे केंद्री, 15.23 बजे अभनपुर , 15.31 बजे मानिक चौरी , 16.00बजे राजिम पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 08758 राजिम - रायपुर मेमू कुंभ मेला स्पेशल राजिम रेलवे स्टेशन से 20.30 बजे रवाना हो कर , 20.37 बजे मानिक चौरी , 20.44 बजे अभनपुर, 20.52 बजे केंद्री , 21.00 बजे सी.बी.डी (पीएच) , 21.12 बजे मंदिर हसौद , 22:00 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## अचल संपत्ति पंजीयन विसंगति पर सरकार ने मानी मांगें, चैंबर ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने अचल संपत्ति पंजीयन विसंगति पर राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि इससे जनता को राहत मिली है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में शनिवार को चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। चैंबर ने 26 नवंबर को को पत्र के माध्यम से पंजीयन शुल्क कम करने, नवा रायपुर के गांवों को नगरीय क्षेत्र की बाध्यता से मुक्त करने और बहुमंजिला इमारतों के आनुपातिक मूल्यांकन के सुझाव दिए थे।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स द्वारा दिए गए सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को लेकर चैंबर ने इसे बड़ी जीत बताते हुए इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मिलकर आभार जताया है। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के व्यापारिक हितों की रक्षा और आम जनता को राहत दिलाने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। चैंबर द्वारा अचल संपत्तियों के पंजीयन दरों और नई गाइडलाइन की विसंगतियों को लेकर उठाए गए मुद्दो पर राज्य सरकार ने सकारात्मक पहल कर निर्णय लिया है। इससे प्रदेश की जनता को बड़ी राहत मिली है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मुलाकात के दौरान कहा कि सरकार का उद्देश्य राजस्व संकलन के साथ आम जनता और व्यापारियों को सुगम वातावरण देना है। चैंबर के सुझावों पर अमल करते हुए सरकार ने दरों को युक्तिसंगत बनाया है, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष और चैंबर के सलाहकार अमरजीत सिंह छाबड़ा, चैंबर सलाहकार अमर गिदवानी, वाइस चेयरमैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी आदि उपस्थित रहे।

- सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

## कैट ने शहर के नए पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला से की मुलाकात



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी के नेतृत्व में शहर के नए कमिश्नर संजीव शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने चर्चा के दौरान संजीव शुक्ला जी को अवगत कराया कि कि छत्तीसगढ़ में कैट के इकाई की शुरुआत को केवल 7 वर्ष हुए हैं, इस दौरान संगठन ने प्रदेश के व्यापार जगत में एक मजबूत पहचान बनाई है। 250 से अधिक संगठन कैट छत्तीसगढ़ से जुड़े हुए हैं। करीबन 12 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कैट कर रहा है। देश में 40,000 से अधिक व्यापारिक संघों का मजबूत नेटवर्क होने के साथ ही 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व यह संगठन करता है। श्री शुक्ला से मुलाकात में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनमें अमर पारवानी, राजेन्द्र जग्गी, रतनदीप सिंह, विजय पटेल, विक्रांत राठौर, दीपक विधानी, निलेश मुंदडा, नागेन्द्र तिवारी एवं शैलेन्द्र शुक्ला शामिल रहे।

# केरला कैफे से 10 कट्टा पीडीएस चावल जब्त

**अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता ने पीछा कर पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

राजधानी रायपुर के प्रोफेसर कालोनी स्थित केरला कैफे से खाद्य विभाग ने 10 कट्टा पीडीएस चावल जब्त किया है। कैफे में यह चावल एक ऑटो रिक्शा में लाया गया था, जिसे अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता ने पीछा कर पकड़ा और इसकी सूचना पुलिस और खाद्य विभाग को दी।

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता अफरोज ख्वाजा ने बताया कि आज उसे सूचना मिली कि ऑटो रिक्शा सीजी 04 एनएक्स 6278 में अवैध रूप से पीडीएस चावल ले जाया जा रहा है। उसने समय नहीं गंवाते हुए सबसे पहले ऑटो रिक्शा का पीछा किया। ऑटो रिक्शा प्रोफेसर कालोनी में सेक्टर-3 के गली नंबर-3 स्थित केरला कैफे में जाकर रुका। इसके बाद ऑटो चालक ने उसमें रखा दस कट्टा पीडीएस चावल को उतारकर उसकी संचालक पूजा विश्वास के सुपुर्द किया। इसी दौरान अफरोज ख्वाजा ने मौके पर पहुंचकर चावल के संबंध में केरला कैफे संचालक से पूछताछ की, तो उसने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया, जिसके बाद अफरोज ने इसकी सूचना पुलिस और खाद्य विभाग को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी के साथ क्षेत्र की खाद्य निरीक्षक सरिता अग्रवाल मौके पर पहुंचीं और कैफे से पीडीएस चावल को जब्ती बनाया।



#### मामले की जांच जारी

केरला कैफे से पीडीएस चावल के पकड़े जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री भी राजधानी में जमकर चल रही है। बताया जा रहा है कि जिस केरला कैफे में चावल पकड़ा गया है, वहां इडली-दोसा भी बनाया जाता है। आशंका जताई जा रही है कि डोसा-इडली बनाने के लिए ही अवैध रूप से पीडीएस चावल को कैफे संचालिका ने खरीदा है। पीडीएस चावल को ऑटो चालक किस जगह से लेकर यहां पहुंचा है, इसकी भी जांच की जा रही है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री करने वाले किसी बिचोलिए से इस चावल की खरीदी की गई है, जिसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

#### जांच की जाएगी

केरला कैफे के पास पीडीएस का चावल कहां से आया। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल चावल को जब्ती बनाया है।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

**अपराध बेलगाम, सरकार का हालात पर नियंत्रण नहीं- मेनन**

# बढ़ते अपराध के विरोध में कांग्रेस का एएसपी कार्यालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ते अपराध, समता कॉलोनी में युवक की निर्मम हत्या और कानून व्यवस्था की पूरी तरह विफल होती स्थिति के विरोध में शनिवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एएसपी कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

एएसपी कार्यालय परिसर के बाहर कांग्रेस नेताओं एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा, शराब, गांजा, ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ शहर में खुलेआम बिक रहे हैं, जिसके कारण अपराध बेलगाम हो चुके हैं। सरकार हालात पर पूरी तरह नियंत्रण खो चुकी है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा समता कॉलोनी में जो जघन्य हत्या हुई है, वह पूर्व मंत्री राजेश मुणत के निवास के ठीक पीछे की घटना है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पूर्व मंत्री आंख बंद कर सोए हुए हैं। उन्हें न शहर की सुरक्षा से मतलब है, न अपराध से और न ही जनता के भय से।



#### राजधानी में कानून व्यवस्था ठप- विकास

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, आज रायपुर की पहचान अपराध और नशे के कारण बनती जा रही है। समता कॉलोनी की हत्या ने यह साफ कर दिया है कि राजधानी में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है।

# जोरा मुक्तिधाम में शेड निर्माण, प्रतीक्षालय, बाउंडीवॉल बनेगा, विधायक ने महापौर के साथ किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के आउटर में स्थित लालबहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा स्थित मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्था अब दूर होगी। मूलभूत सुविधा की कमी से जूझ रहे इस मुक्तिधाम में शेड निर्माण, लोगों के लिए प्रतीक्षालय, गार्ड रूम, मुक्तिधाम परिसर में प्रकाश की व्यवस्था सहित सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। करीब 61 लाख की लागत से होने वाले कार्य का भूमिपूजन धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, महापौर मीनल चौबे ने वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू की उपस्थिति में शनिवार को किया।

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में वार्डवासियों की मांग पर जोरा मुक्तिधाम की दशा सुधारने पहल की गई है। मुक्तिधाम में लोगों के आने-जाने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेवर ब्लाक लगाया जाएगा। मुक्तिधाम में लोगों बारिश व तेज धूप से बचाने नए शेड का निर्माण, चौकीदार के लिए गार्डरूम, परिसर को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाने सौंदर्यीकरण तथा प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।



#### विधायक सोनी ने भाठागांव में सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने भाठागांव में भाठागांव चौक से रिंगरोड , शीतला चौक दतरेंगा मोड में सड़क निर्माण कार्य का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई। श्री सोनी ने 2 शिफ्ट में कार्य कराने निर्देश दिए। 15 फरवरी तक सड़क के एक तरफ और 31 मार्च तक सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की हिदायत दी। नगर निगम द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 3 करोड़ 43 लाख की लागत से सड़क निर्माण कराया जा रहा है।